दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। रविवार 14 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 265 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## मणिपुर को शांति के रास्ते पर लेकर जाना है: इंफाल में बोले पीएम मोदी

**संबोधन**

> पीएम मोदी ने कहा कि यह हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है



**इम्फाल।** मणिपुर के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मणिपुर की हजारों वर्ष पुरानी समृद्ध विरासत है। यहां संस्कृति की जड़ें मजबूत हैं, गहरी हैं। मणिपुर मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। इसलिए हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को निरंतर मजबूत करना है। उन्होंने मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पीएम मोदी ने कहा कि यह हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है। इसलिए हमें मणिपुर को लगातार शांति और विकास के रास्ते पर आगे लेकर जाना है और मिलकर जाना है।

इससे पहले चूड़ाचांदपुर के रिलीफ कैंप में रह रहे लोगों से मिलने के बाद पीएम मोदी ने मणिपुर की जनता से वादा किया कि भारत सरकार और वो खुद उनके साथ हैं।

**विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद जनसभा को किया संबोधित :** मणिपुर में विकास की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद इंफाल में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में, भारत की रक्षा में मणिपुर के योगदान से हमें प्रेरणा लेनी है। यह मणिपुर की ही धरती थी जहां भारतीय राष्ट्रीय सेना ने पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारी सरकार मणिपुर के ऐसे हर महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। अंडमान और निकोबार महाद्वीप में माउंट हैरियट का नाम बदलकर माउंट मणिपुर रखा गया है। ये मणिपुरी स्वतंत्रता सेनानियों को भारत के 140 करोड़ देशवासियों की श्रद्धांजलि है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ₹आजादी के बाद देश के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से के बड़े शहरों में विकास हुआ, वहां सपने पले, नौजवानों को नए मौके मिले।

अब 21वीं सदी का ये समय 'ईस्ट' का है, 'नॉर्थ ईस्ट' का है। इसलिए मणिपुर के विकास को भारत सरकार ने निरंतर प्राथमिकता दी है।

शनिवार को शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ₹आज मणिपुर के विकास के लिए हजारों-करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। यह परियोजनाएं आप सभी लोगों का जीवन आसान बनाएंगे, यहां इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेंगे और मणिपुर के युवाओं के लिए, यहां के बेटे-बेटियों के लिए रोजगार के नए मौके भी बनाएंगे।।। मैं मणिपुर के लोगों को सभी विकास योजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**1200 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास :** मालूम हो कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफाल में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## एशिया कप : भारत-पाक मुकाबला, रहेगा सुपरसंडे

**महामुकाबला**

> भारत-पाक की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता दुनिया की सबसे तीखी खेल प्रतिद्वंद्विताओं में से एक मानी जाती है




नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान 41 सालों से खेल रहे एशिया कप, लेकिन फाइनल में नहीं हुई कोई भिड़ंत, कैसे हुआ ये अजूबा?

भारत-पाकिस्तान की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता दुनिया की सबसे तीखी और ऐतिहासिक खेल प्रतिद्वंद्विताओं में से एक मानी जाती है। दोनों टीमों के बीच होने वाला हर मुकाबला इतिहास, भावनाओं और उम्मीदों का बोझ लिए होता है। इसे देखने के लिए मैदान के साथ-साथ करोड़ों लोग टीवी पर टकटकी लगाए रहते हैं। एशिया कप 2025 में दोनों टीमें फिर एक बार 14 सितंबर को दुबई में भिड़ेंगी। इस मुकाबले से पहले ही रोमांच चरम पर है। भारत और पाकिस्तान दोनों टीमों ने अब तक इस महाद्वीपीय टूनामेंट के 16 संस्करणों में से 15 में भाग लिया है। 1986 में भारत तो 1990 में पाकिस्तान ने इसे बॉयकॉट किया था। लेकिन आज तक दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला नहीं हो पाया।

भारत ने एशिया कप में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा है। 1984 से शुरू हुए टूनामेंट में दोनों टीमें अब तक 18 बार आपस में भिड़ी हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमें कभी एशिया कप फाइनल में नहीं टकराई हैं। गिनती बहुत आसान थी अलग-अलग ग्रुप स्टेज में दो भिड़ंत और संभावित तीसरी भिड़ंत फाइनल में।

लेकिन उनका आमना-सामना ज्यादातर ग्रुप स्टेज या सुपर-फोर राउंड में हुआ है, जहाँ क्वालीफिकेशन की स्थिति ने रोमांच और बढ़ा दिया और एक टीम दूसरे पर जीत-हार करती हुई, आगे बढ़ गई।

## गाजियाबाद जिला उपभोक्ता आयोग में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लोक अदालत**

> 44 वादों में से 25 का सुलह-समझौते से हुआ निस्तारण, 76.68 लाख रुपये की राशि सेटल








गाजियाबाद, करंट क्राइम : जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गाजियाबाद में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग लखनऊ के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

### बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग



करंट क्राइम : राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों से न केवल समय और धन की बचत हुई बल्कि पक्षकारों को वर्षों से चले आ रहे विवादों से भी मुक्ति मिली। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को त्वरित और सरल न्याय उपलब्ध कराना है।

अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन ने बताया कि लोक अदालत में कुल 44 वाद नियत थे, जिनमें से 25 वाद सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए गए हैं। इस दौरान पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से हुए निस्तारण में कुल 76,68,500 रुपये की राशि सेटल हुई।

**प्रमुख मामले हुए निस्तारित :**

करंट क्राइम : लोक अदालत में कई पुराने और लंबे समय से लंबित वादों का समाधान हुआ। जिसमें 75 वर्षीय गुरजीत सिंह का निष्पादन वाद इस लोक अदालत की प्रमुख उपलब्धि रहा। उन्होंने वर्ष 2005 में परिवाद संख्या 220/2005 विपक्षी एल.आई.सी. के खिलाफ दायर किया था। मामला जिला फोरम से लेकर राज्य आयोग लखनऊ और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग दिल्ली तक चला। अंततः आज राष्ट्रीय लोक अदालत में इसे अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया गया। इसी प्रकार अनिल अग्रवाल बनाम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण प्रकरण भी निस्तारित हुआ। इसमें परिवाद संख्या 08/1994 के अंतर्गत निष्पादन संख्या 194/2012 पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विक्रय पत्र संपादित किया गया। आज दोनों पक्षों की सहमति से इसे भी सुलझा लिया गया।

## जब निगम ने कहा सुधरी है गाजियाबाद की एयर तो वर्षा को क्रेडिट देने लगे पूर्व पार्षद और पूर्व मेयर







Ashu Kumar Verma
दीपक जी इसमें लगातार हो रही बारिश का बहुत बड़ा योगदान है
5h Like Reply Hide 2

Rajeev Kumar Sharma
Ashu Kumar Verma यानी नगर निगम ने कुछ भी नहीं किया है मेयर साहब।

हिमांशु मोनिका मित्तल
2 महीने बाद पता चलेगा कितना सुधार है। अभी तो बारिश की वजह से वैसे ही पर्यावरण में बहुत सुधार हो चुका है। और यह नगर निगम गाजियाबाद के द्वारा नहीं किया गया है यह सुधार जलवायु परिवर्तन एवं बरसात के कारण हुआ है।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि उन्होंने वायु की गुणवत्ता के लिए काम किया। कूड़ा निस्तारण की दिशा में काम किया और नतीजा ये रहा है कि इस मेहनत के कारण गाजियाबाद की हवा में सुधार हुआ। एक दौर था जब यहां हवा की गुणवत्ता प्रदूषण के मामले में सबसे खराब मिली थी। एक दौर है जब एयर क्वालिटी में सुधार हुआ है।

दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को जब प्रमुखता से प्रकाशित किया तो विपक्ष खामोश रहा लेकिन भाजपा की नगर निगम वाली टीम ही मैदान में आ गई। भाजपा के पूर्व मेयर अशु वर्मा सामने आये और उन्होंने सारा क्रेडिट वर्षा को दिया और लिखा कि वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए सबसे बड़ा योगदान लगातार हो रही बारिश का है। भगवागढ़ की एयर को लेकर भाजपा के पूर्व मेयर ने एक तरह से निगम के प्रयासों को मानने से इंकार किया।

वहीं हाउस टैक्स को लेकर मोर्चा खोलने वाले पूर्व पार्षद पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल भी सामने आये और उन्होंने वायु गुणवत्ता सुधार की समय सीमा भी तय कर दी। उन्होंने कहा कि दो महीने बाद पता चलेगा कि कितना सुधार है। उन्होंने भी बारिश को क्रेडिट दिया और कहा कि जो भी सुधार हुआ है वो नगर निगम द्वारा नहीं किया गया है।

यह सुधार जलवायु परिवर्तन और बरसात के कारण हुआ है। बहरहाल आबोहवा सुधरी है और हवा के सुधार के लिए आब यानी पानी को नदी को बरसात को क्रेडिट मिला है। खास बात ये है कि एयर को लेकर भाजपा के ही पूर्व मेयर आगे आये।

### हवा के लिए मिलकर करने होंगे हमें उपाय

**करंट क्राइम।** एयर की बात है तो इसकी केयर हम सबको करनी है। हवा, पानी, जंगल, नदी पूरी मानव जाति के लिए है। जीव जंतुओं के लिए है और पर्यावरण का आधार ही ये सब वस्तुंए हैं। क्रेडिट किसी को भी दिया जा सकता है। लेकिन सबसे बड़ी बात ये है कि हमें इस बात पर विचार करना होगा और इस बात को स्वीकार करना होगा कि पर्यावरण की दिशा में हमारा योगदान क्या रहा है। क्या हमने नकारात्मक रूप से अपना योगदान किया है या सकारात्मक रूप से अपना योगदान दिया है।

दैनिक करंट क्राइम आप सभी से इस बात की अपील करता है कि सबसे पहले हम जीवन के अर्थ को समझें। जीव और वन से मिलकर ही जीवन बना है। सांस लेना आसान हो इसके लिए सब काम करेंगे। हम वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए पेड़ पौधे लगायेंगे। हम जल संरक्षण की दिशा में काम करेंगे और नदी, नहर को प्रदूषित नहीं करेंगे। पर्यावरण केवल शासन और प्रशासन की जिम्मेदारीनहीं है। वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकारी विभाग ही जिम्मेदार नहीं है। वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए हमें कुछ ऐसा करना है कि हम अपनी पीढ़ियों को ये बता सके कि हमने अपनी समाजिक जिम्मेदारी ऐसे निभाई है और देश के हर नागरिक को वायु गुणवत्ता, जल गुणवत्ता में सुधार के लिए अपना अपना योगदान देना है।

## पुलिस कमिश्नरेट के नए आरक्षियों को दी गई वित्तीय लेनदेन के समय सावधानियों की ट्रेनिंग

**जागरूकता**

> एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने किया सत्र का उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में नए आरक्षियों के रूप में ट्रेनिंग ले रहे पुलिस कर्मियों को मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और भारतीय बाजार की प्रमुख कंपनियों के विशेषज्ञों ने जागरूकता एवं बचाव कार्यक्रम के तहत जागरूक किया।

इसमें बताया गया है कि किस प्रकार से शेयर बाजार में ठगी होने से बच सकते हैं। क्या सावधानी बरतें, इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत और उद्घाटन सत्र का शुभारंभ एडिशनल सीपी मुख्यालय एवं अपराध केशव चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी जितनी व्यापक होती है, उतना ही आवश्यक है कि वह अपनी व्यक्तिगत वित्तीय स्थिति को भी सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाएं। इस दौरान उन्होंने मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और सेबी के अधिकारियों व जानकारों का धन्यवाद दिया कि उन्होंने पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण टिप्स देकर जागरूक बनाने का कार्यक्रम किया है।



### पहली बार पुलिसकर्मियों के लिए आयोजित किया गया कार्यक्रम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में समय-समय पर साइबर सेल और थानों में काम करने वाले साइबर से जुड़े पुलिसकर्मी आम जनता, विशेष स्थान ,सोसायटियों और कार्यक्षेत्रों में जाकर लोगों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ट्रेडिंग और सोशल मीडिया पर किस प्रकार से साइबर ठगी होती है, इसके बचाव के टिप्स देते हैं लेकिन यह पहला अवसर था जब पुलिसकर्मियों को भी यह है ट्रेनिंग दी गई है।

### बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी रहे उपस्थित

करंट क्राइम : कार्यक्रम में जहां एडिशनल सीपी केशव चौधरी उपस्थित रहे। तो वहीं डीसीपी ट्रांस हिंडन व लाइन का प्रभार देख रहे निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के साथ ही प्रमुख एसीपी स्तर के अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस की ट्रेनिंग ले रहे सिपाही भी उपस्थित रहे। जिन्हें महत्वपूर्ण बचाव व सुझाव भी दिए गए हैं।

# ग्लेशियरों के टूटने से बाढ़ का अधिक खतरा, भू-वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी

## प्रदेश की नदियों का बढ़ता जलस्तर चिंता का विषय

**श्रीनगर गढ़वाल ।** प्रदेश की नदियों का बढ़ता जलस्तर चिंता का विषय है, जिसका एक मुख्य कारण ग्लेशियरों का बड़ी मात्रा में टूटना है। भारी बारिश और ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों में पानी की मात्रा बढ़ रही है जिससे निचले इलाकों में गाद (सिल्ट) और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

भू-वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि ग्लेशियरों की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो भविष्य में नदी किनारे बसे निचले क्षेत्रों में बाढ़ का जोखिम और भी बढ़ जाएगा। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एचसी नैनवाल के अनुसार उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के ग्लेशियर हर साल 5 से 20 मीटर तक पीछे खिसक रहे हैं। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि उनकी मोटाई लगातार कम हो रही है। उन्होंने बताया कि हैंगिंग ग्लेशियर (लटकते हुए ग्लेशियर) ज्यादा टूटते हैं जिससे हिमस्खलन की घटनाएं बढ़ती हैं। प्रोफेसर नैनवाल ने ग्लेशियरों के तेजी से टूटने के पीछे पृथ्वी के तापमान में बदलाव और गैसों के उत्सर्जन को मुख्य कारण बताया है।






जंगलों में लगने वाली आग से निकलने वाली गैसों का भी इन पर बुरा असर पड़ रहा है।

पानी और बिजली उत्पादन पर असर

ग्लेशियरों के टूटने से नदियों में पानी और गाद की मात्रा बढ़ेगी। इससे न केवल निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ेगा बल्कि जल विद्युत परियोजनाओं के जलाशयों की क्षमता भी कम होगी।

# मणिपुर में हिंसा के 2 साल बाद पीएम नरेन्द्र मोदी का दौरा, बोले-

# 'मैं मणिपुर के लोगों के जज्बे को सैल्यूट करता हूं'










**उद्घाटन**

"पीएम ने 8,500 रुपए करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**इंफाल/चुराचांदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर हैं। राज्य में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद यह उनका पहला दौरा है। पीएम ने इंफाल और चुराचांदपुर में 8,500 रुपए करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं की शिलान्यास और उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने इंफाल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- मणिपुर की हजारों वर्ष पुरानी समृद्ध विरासत है। यहां किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। हमें मणिपुर को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है।

### पीएम ने हिंसा प्रभावित लोगों से बातचीत की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफाल में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने इंफाल के ऐतिहासिक कांगला किला परिसर में विस्थापित लोगों के परिवारों की चिंताओं को सुना और उन्हें राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री ने चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से बातचीत की। मोदी ने चुराचांदपुर में कहा, 'कुछ देर पहले, मैं एक राहत शिविर में प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास का एक नया सवेरा उग रहा है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने हिंसा के दौरान सबसे ज्यादा हिंसा प्रभावित जिला, चुराचांदपुर में रोड शो और जनसभा की। उन्होंने कहा, 'मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं।'

पीएम ने इंफाल में 1,200 करोड़ और चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ से ज्यादा की लागत वाली विकास परियोजनाओं की नींव रखी। वे चुराचांदपुर में रिलीफ कैंप में हिंसा पीड़ितों से मिलने गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की।

**सराहना**

"प्रधानमंत्री ने कहा- इंफाल को विकसित भारत के शहरों में देखता हूं

प्रधानमंत्री आज सुबह मिजोरम से मणिपुर पहुंचे थे। वे इंफाल एयरपोर्ट पर उतरे। वहां से कुकी बहुल जिला, चुराचांदपुर सड़क मार्ग से गए। इंफाल मैतेई बहुल इलाका है। 2023 में हिंसा के बाद, कुकी का इंफाल और मैतेई का चुराचांदपुर में आना-जाना बंद है।

प्रधानमंत्री ने कहा- मणिपुर के अनेक संतानें देश के अलग-अलग हिस्सों में मां भारती की रक्षा में जुटे हुए हैं। हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत की सेना लोहा माना। हमारी सेना ने ऐसा कहर बरपाया कि पाकिस्तान त्राहि-त्राहि करने लगा। इसमें मणिपुर का भी बड़ा योगदान है।

पीएम मोदी ने कहा- मैंने साल 2014 में कहा था कि मणिपुर की संस्कृति के बिना भारत की संस्कृति और यहां के खिलाड़ियों के बिना भारत के खेल अधूरे हैं। मणिपुर का युवा, तिरंगे की शान के लिए तन-मन-धन से समर्पित युवा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- 21वीं सदी का यह समय नॉर्थ ईस्ट का है। इसलिए, भारत सरकार ने मणिपुर के विकास को निरंतर प्राथमिकता दी है।

### कांग्रेस-एमपीपी यूथ विंग का प्रदर्शन

कांग्रेस और मणिपुर पीपुल्स पार्टी (एमपीपी) के यूथ विंग के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को इंफाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास प्रदर्शन किया। युवाओं ने प्रधानमंत्री के दौरे का विरोध किया और इसे एक राजनीतिक चाल करार दिया। मणिपुर पीपुल्स पार्टी यूथ फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने अपने ऑफिस के पास पोस्टर लेकर नारे लगाए और दावा किया कि प्रधानमंत्री की यात्रा का मकसद राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करना नहीं है। एमपीपी का ऑफिस कंगला किले के पास है, जहां प्रधानमंत्री कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और एक जनसभा करने वाले हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से लगभग 100 मीटर दूर कांग्रेस भवन के सामने भी इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया।

**दुख जताया**

"पीएम बोले- मणिपुर हिंसा हमारे पूर्वजों और भावी पीढ़ी के साथ अन्याय

इसी का परिणाम है कि मणिपुर की विकास दर लगातार बढ़ रही है। 2014 से पहले, मणिपुर की विकास दर एक प्रतिशत से भी कम थी। अब, मणिपुर पहले से कई गुना तेजी से प्रगति कर रहा है।

पीएम ने कहा- मणिपुर में बुनियादी ढांचे के निर्माण का एक नया दौर शुरू हो गया है। मुझे खुशी है कि मणिपुर में सड़कों और नेशनल हाईवे बनाने की रफ्तार कई गुना बढ़ी है। यहां गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाने के लिए तेजी से काम हो रहा है। इंफाल संभावनाओं का शहर है। मैं इस शहर को विकसित भारत के उन शहरों के रूप में देखता हूं।

### मणिपुर में पीएम का 3 घंटे रुकना करुणा नहीं, पीड़ितों का अपमान : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर दौरे को लेकर पीएम मोदी की आलोचना की। खड़गे ने एक्स पर लिखा- मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं है। यह एक दिखावा और घायल लोगों का घोर अपमान है। आज इंफाल और चुराचांदपुर में आपका तथाकथित रोड शो, राहत शिविरों में लोगों की चीखें सुनने से बचने का एक कायराना प्रयास है।

# भारत और पाक मैच को लेकर भड़के उद्धव ठाकरे

## कहा, यह शहीदों का अपमान




**तीखा हमला**

"अगर मोदी जी को सच्चा स्टैंड लेना है तो उन्हें इस मैच का बहिष्कार करना चाहिए

**मुंबई।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आगामी भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर केंद्र सरकार और बीजेपी पर तीखा हमला बोला। ठाकरे ने कहा कि देशभक्ति का आज व्यापार हो रहा है, असल मुद्दों के आगे देशभक्ति कहीं दिखाई नहीं दे रही। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या रक्षा मंत्री यह कहेंगे कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म हो गया है?

उद्धव ठाकरे ने याद दिलाया कि लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी को अंधभक्तों ने पाकिस्तान की बहन कहा था, अब सरकार बताए कि उनके लिए क्या करेंगे? उन्होंने कहा कि जब-जब मौका आता है, बीजेपी पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाने को कहती है। ठाकरे ने दावा किया कि शिवसेना इस मैच का पूरे राज्य में निषेध प्रदर्शन करेगी।

**सिंदूर अभियान से विरोध दर्ज कराएगी शिवसेना :** उद्धव ठाकरे ने ऐलान किया कि हर घर सिंदूर की तरह शिवसेना महिला कार्यकर्ता हर घर से सिंदूर इकट्ठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजेंगी। उन्होंने कहा कि अगर मोदी जी को सच्चा स्टैंड लेना है तो उन्हें इस मैच का बहिष्कार करना चाहिए। अगर इउउकके सचिव जय शाह वहां गए, तो क्या वे भी देशद्रोही कहलाएंगे और क्या जो लोग यह मैच देखेंगे, उन्हें भी देशद्रोही कहा जाएगा? शिवसेना इस अभियान को 'माझा कुमकुम माझा देश' नाम से पूरे राज्य में चलाएगी। ठाकरे ने कहा कि उन्होंने यह अपील हिंदी में इसलिए की है ताकि अन्य राज्यों के लोग भी समझ सकें कि यह विरोध क्यों किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेल आयोजनों के बहिष्कार की मिसाल देते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि 1980 में जब रूस ने अफगानिस्तान पर हमला किया था, तब अमेरिका के नेतृत्व में 60 देशों ने मॉस्को ओलंपिक का बहिष्कार किया था।

# एटीएस की बड़ी कार्रवाई : हिरासत में दो संदिग्ध, पाकिस्तानी कनेक्शन की आशंका

## डिजिटल डिवाइस से मिले सुराग, गुप्त सूचना पर एटीएस की नजर

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने शनिवार को कांपटी इलाके से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन व्यक्तियों का संबंध पाकिस्तान से हो सकता है। इस खुलासे ने न सिर्फ शहर को हिलाकर रख दिया है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट मोड पर ला दिया है।

दरअसल, एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि कांपटी क्षेत्र में दो संदिग्ध व्यक्ति रह रहे हैं, जिनकी गतिविधियां सामान्य नहीं हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एटीएस ने राजकीय पुलिस बल और स्थानीय इंटेलिजेंस यूनिट के सहयोग से इलाके में छापेमारी की। दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और उनके पास से डिजिटल डिवाइस, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कुछ दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

एटीएस सूत्रों के अनुसार, बरामद डिजिटल डिवाइस से कुछ चौंकाने वाले सुराग मिले हैं, जिनसे पाकिस्तान में सक्रिय कुछ आईएसआई समर्थित नेटवर्क से संभावित संपर्कों का संकेत मिला है। फिलहाल उन उपकरणों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

**केंद्रीय एजेंसियों की एंट्री :** मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए खुफिया ब्यूरो (आईबी) और



रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) को भी इस जांच में शामिल कर लिया गया है। अधिकारियों की मानें तो यह भी जांच की जा रही है कि क्या दोनों संदिग्ध किसी 'स्लीपर सेल' का हिस्सा हैं जो भारत में आतंकी गतिविधियों की तैयारी कर रहे थे।

**नागपुर क्यों बना निशाना? :** नागपुर एक राजनीतिक और रणनीतिक रूप से अहम शहर है। यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुख्यालय, कई बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान और हाई-प्रोफाइल सरकारी संस्थान स्थित हैं। ऐसे में पाकिस्तान समर्थित किसी नेटवर्क की यहां उपस्थिति एक गंभीर खतरे का संकेत है।

**सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था :** एटीएस द्वारा संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद नागपुर पुलिस और एटीएस ने कांपटी सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी है। सीसीटीवी निगरानी, संदिग्ध स्थानों की तलाशी और स्थानीय लोगों से पूछताछ का सिलसिला तेज कर दिया गया है।

**मामले पर राजनीतिक प्रतिक्रिया :** मामले के सामने आने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने सरकार पर सवाल उठाए हैं कि आखिर सुरक्षा एजेंसियों की मौजूदगी के बावजूद शहर में इस तरह की संदिग्ध गतिविधियां कैसे हो रही हैं। वहीं, राज्य सरकार ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**क्या हो सकता है आगे? :** फिलहाल हिरासत में लिए गए दोनों संदिग्धों की पहचान गोपनीय रखी गई है ताकि जांच प्रभावित न हो। लेकिन एटीएस अधिकारियों का मानना है कि इस गिरफ्तारी से कई और कड़ियां खुल सकती हैं और कुछ और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

# 'सपनों का घर रह न जाए अधूरा'

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को आवास पुनरुद्धार कोष बनाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने करदाताओं और मध्यम वर्गीय घर खरीदारों को लेकर केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिए है। कोर्ट ने घर खरीदारों की स्थिति को देखते हुए सरकार से कहा है कि वह अधूरे पड़े आवास परियोजनाएं को पूरा करने के लिए एक पुनरुद्धार फंड की स्थापना पर विचार करे। बता दें कि यह फंड ऐसे परियोजनाओं को अस्थायी वित्तीय सहायता देगा जो संकट में चल रहे हैं, ताकि घर खरीदारों के हितों की रक्षा हो सके। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जेबी पारडीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है कि वह एक ऐसा सिस्टम बनाए जिसमें कोई



भी बिल्डर घर खरीदारों के साथ धोखा न कर सके और समय पर प्रोजेक्ट पूरा हो। कोर्ट ने कहा कि सरकार मूकदर्शक नहीं बन सकती और उसे घर खरीदारों और देश की अर्थव्यवस्था दोनों की रक्षा करनी होगी।

कोर्ट ने कहा कि रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (आरईआरए) जैसे संस्थान तब तक कारगर नहीं बन सकते जब तक उनके पास पर्याप्त संसाधन, अधिकार और अमल करने की ताकत न हो। इसके लिए कोर्ट ने हर राज्य की आरईआरए को छह महीने में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का निर्देश भी दिया है ताकि खरीदारों के पैसे का सही इस्तेमाल हो।

कोर्ट ने सुझाव दिया कि सरकार स्पेशल विंडो फॉर फंडिंग स्टॉल्ड अफोर्डेबल एंड मिडिल (स्वामी) फंड को विस्तार दे या फिर एनएआरसीएल जैसे कॉर्पोरेट निकाय बनाए जो अधूरे परियोजनाओं को टेकओवर करके उन्हें पूरा कर सके।

# प्रकाश महाजन ने दिया इस्तीफा

## कहा- मुझे पार्टी में नजर अंदाज किया गया

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रवक्ता प्रकाश महाजन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें पार्टी में नजरअंदाज किया गया। जबकि उनकी कम से कम उम्मीदें थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता दिवंगत प्रमोद महाजन के भाई प्रकाश महाजन ने एक वीडियो संदेश में अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी में उनके काम के लिए उन्हें कभी प्रशंसा नहीं मिली, बल्कि उन गलतियों के लिए उन्हें दोषी ठहराया गया जो उन्होंने कभी नहीं कीं। उन्होंने अपने इस कदम के लिए राज ठाकरे के नेतृत्व वाली मनसे में सम्मान की कमी को



जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि उनकी किसी अन्य पार्टी में शामिल होने की कोई योजना नहीं है।

वीडियो में प्रकाश महाजन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मुझे लग रहा था कि कहीं न कहीं रुकना जरूरी है। पहलगाम की घटना के बाद मुझे रुक जाना चाहिए था। लेकिन उस समय मुझे लगा कि हालात सुधर जाएंगे। निजी तौर पर कहूं तो मेरी उम्मीदें सीमित हैं। मैं जिस भी पार्टी में रहा, मुझे कभी चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं रही और न ही कोई पद चाहिए था। हिंदुत्व की रक्षा ही मेरी एकमात्र भावना थी। लेकिन उम्मीदें कम रखने के बावजूद मुझे बहुत नजरअंदाज किया गया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मुझसे कभी सलाह नहीं ली गई। विधानसभा चुनाव के दौरान मुझे केवल प्रचार के लिए इस्तेमाल किया गया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





# सुल्लामल रामलीला कमेटी में चल रहा है अंदरखाने किस बात का हल्ला
## इन्वीटेशन वाले सीन को लेकर चल रही है कमेटी के भीतर टेंशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो शहर की ये रामलीला हमेशा से ही अपने इंटरनल गदर के लिए मशहूर रही है। इस बार सीन में पहले ड्रामा थियेटर वाली मैडम को लेकर हुआ और अब विरोध निमंत्रण पत्र की परिपार्टी को लेकर शुरू हो गया है। अब से पहले ये परम्परा रही है कि कमेटी के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी एक साथ मिलकर प्रतिष्ठित लोगों के यहां निमंत्रण पत्र देने जाते रहे हैं। इस बार सीन से जीते हुए अध्यक्ष गायब हैं। जीते हुए महामंत्री गायब हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष से लेकर कनिष्ठ उपाध्यक्ष सीन से आउट है। कमेटी के मंत्री सीन में नहीं है, लेखा परीक्षक नहीं है। केवल कमेटी के नाम पर कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू हैं और उनके साथ राज्यंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल, डिप्टी सीएम से लेकर केन्द्रीय रक्षा मंत्री के ड्राईंग रूम तक मौजूद हैं। धमाल इस बात को लेकर मचा कि अगर कमेटी के जीते हुए पदाधिकारी नहीं है तो फिर अध्यक्ष पद का चुनाव हार चुके सुभाष गुप्ता लोहे वाले हर जगह क्यों है। सूत्र बताते हैं कि चुनाव में हार जाने के बाद जब कमेटी की बैठक हुई थी तो यहां सुभाष गुप्ता का नाम मुख्य संयोजक के लिए रखा गया। इस बात का विरोध हुआ और उसके बाद सुभाष गुप्ता को स्वागत अध्यक्ष बनाकर लाया गया। अब महाभारत तब शुरू हुई है जब डिप्टी सीएम के यहां से लेकर रक्षा मंत्री के यहां तक जीते हुए अध्यक्ष महामंत्री गायब हैं और हारे हुए सुभाष गुप्ता मौजूद हैं। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है और परम्पराओं वाली रामलीला में ये परम्परा क्यों बन रही है। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ बोल रहा है। इसको लेकर करंट क्राइम ने अध्यक्ष से लेकर कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष से बात की और मामला पूरा बाहर आ गया।

### ना हमें कोई सूचना मिली और ना ही उन्होंने हमें बताया : अजय बंसल



करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल से बात हुई और उनसे पूछा गया कि आप अध्यक्ष होने के नाते निमंत्रण पत्र देने क्यों नहीं जा रहे। तो उन्होंने कहा कि हमें ना तो कोषाध्यक्ष ने कोई सूचना दी और ना ही बताया। उन्होंने इस नई परिपाटी पर ऐतराज जताया और कहा कि यह शिष्टाचार के नाते भी गलत है। चलो मुझे वो अपने पैनल से अलग मान भी लें तो भी उन्हें बाकी के पांच सदस्यों को लेकर जाना चाहिए। वो तो उन्हीं के पैनल के हैं। ये गलत परिपाटी है।

### अगर वो कहते तो ठीक रहता और हम जरूर जाते : संजीव मित्तल



करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए संजीव मित्तल साजू को भी नहीं पता कि उनके कोषाध्यक्ष ने डिप्टी सीएम को निमंत्रण पत्र दे दिया है। वो दिल्ली जाकर केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को भी निमंत्रण पत्र दे आये हैं। निमंत्रण पत्र वाले सीन से पूरी कमेटी क्यों गायब है। इस बात पर संजीव मित्तल ने कहा कि वैसे तो अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, मंत्री प्रदीप मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी रामलीला कमेटी द्वारा जनादेश प्राप्त पदाधिकारी है। लेकिन हमें तो किसी को पता ही नहीं चला कि वो कब जाकर निमंत्रण पत्र दे आये। हमें उन्होंने बताया भी नहीं। अगर वो एक बार कहते तो यह परम्पराओं के हिसाब से ठीक ही रहता। लेकिन उन्होंने कहा भी नहीं। अगर वो कहते तो हम जरूर जाते।

### अध्यक्ष और महामंत्री दोनों ही चल रहे हैं बीमार : सुधीर गोयल मोनू



करंट क्राइम। आखिर जीते हुओं से परहेज और हारे हुए को सहेज कर चलने का राज क्या है। सुधीर गोयल मोनू रामलीला के कोषाध्यक्ष हैं और वो निमंत्रण पत्र देकर आये हैं। पूरे सीन में उनके साथ कमेटी के पदाधिकारी नजर नहीं आये हैं। दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि दरअसल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल और महामंत्री नरेश अग्रवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है। ये दोनों ही बीमार है। हम उन्हें जरूर पूछते लेकिन वो अभी ठीक नहीं हैं। सुधीर गोयल मोनू ने चुनाव हारे हुए चेहरे को साथ लेकर चलने का राज खोला और कहा कि चुनाव की जीत और हार एक अलग चीज है लेकिन सुभाष गुप्ता सुल्लामल रामलीला कमेटी की स्वागत समिति के अध्यक्ष हैं। यह एक महत्वपूर्ण पद है और स्वागत समिति के अध्यक्ष का कर्तव्य होता है कि वह सभी जगह निमंत्रण देने के लिए जाते हों। इसी परम्परा के तहत सुभाष गुप्ता लोहे वाले साथ हैं। सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि वो अपना दायित्व निभा रहे हैं और आमंत्रण देने जा रहे हैं और अभी तो वो प्रतिष्ठित अतिथियों का मंच पर स्वागत भी करेंगे। सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि मैं रामलीला में कुछ नए काम करने के लिए आया हूं और मैं कुछ नया काम करके दिखाऊंगा।

# राजनगर रामलीला में इस बार कई चीजें होंगी खास
## 16 सितंबर को डांडिया नाइट से शुरू होगा महोत्सव

**रामलीला**

> भगवान राम न सिर्फ हमारे आराध्य हैं बल्कि सनातन संस्कृति के आधार स्तम्भ भी हैं।




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर स्थित श्री रामलीला समिति की ओर से आगामी 16 सितम्बर को डांडिया नाइट की धमक के साथ श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। रामलीला के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा संस्था के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता ने बताया कि 17 सितंबर को खाटू श्याम महोत्सव तथा 18 सितंबर को श्री गणेश पूजन एवं शोभा यात्रा के साथ रामलीला मेला भी आरंभ हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि भगवान राम न सिर्फ हमारे आराध्य हैं बल्कि सनातन संस्कृति के आधार स्तम्भ भी हैं। उनका चरित्र सदियां बीत जाने के बाद भी आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। पुरानी पीढ़ी जहां श्रद्धा भाव से उनकी लीला का रसस्वादन लेती है वहीं नई पीढ़ी उनके चरित्र से प्रेरणा लेने का प्रयास करती है। उन्होंने बताया कि इस बार पहली बार समिति की ओर से एक स्मारिका का प्रकाशन भी कराया जाएगा।

समिति के महामंत्री सीए दीपक मित्तल ने बताया कि गत वर्षों की भांति राजनगर रामलीला का मंचन इस वर्ष भी भव्य तरीके से किया जायेगा। इस बार भी रामलीला का मंचन हाईटेक तरीके से किया जा रहा है। पहली बार सीता जी के जन्म का भी मंचन होगा। 19 सितंबर को सती मोह, शिव विवाह तथा नारद मोह के प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।

23 सितंबर को भगवान श्री राम की भव्य बारात पूरे राजनगर में निकाली जाएगी । विभिन्न सेक्टरों से होते हुए, राजनगर सेक्टर 10 के चौराहे पर श्री राम जानकी विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा तथा कन्यादान की रस्म की अदायगी होगी। 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर रावण दहन होगा। 3 तारीख को भरत मिलाप श्री राम राज्याभिषेक तथा भव्य आतिशबाजी होगी। उसके अगले दिन 4 अक्टूबर को कवि सम्मेलन के साथ श्री रामलीला महोत्सव का समापन होगा।

समिति के मेला प्रबन्धक एस एन अग्रवाल ने बताया कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए तरह तरह के स्टाल लगाए जाएंगे तथा उच्च गुणवत्ता वाले खान-पान के स्टाल भी लगाए जा रहे हैं। बच्चों के लिए तरह तरह के झूले तथा खेलने के स्टाल भी लगेंगे।

इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, पार्षद प्रवीण चौधरी, संस्थापक सदस्य नरेश सिंगल, संगठन मंत्री अमरीश कुमार त्यागी व मुकेश मित्तल मुख्य सलाहकार अनिल कुमार ,आर एन पाण्डेय, स्वागत अध्यक्ष योगेश गोयल, सुभाष शर्मा, राजीव मोहन, बृजमोहन सिंहल, दिनेश शर्मा, सुन्दर लाल यादव, जी.पी. अग्रवाल, के. पी. गुप्ता, मोतीलाल गर्ग, दीपक सिंघल, विनोद गोयल,मनीष वशिष्ठ, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, डा .आर के मित्तल, दीपककांत गुप्ता , आलोक मित्तल, जितेन्द्र रंधावा, मदन लाल हरित,ओमप्रकाश भोला, गोल्डी सहगल, विजय लुम्बा, सीए डीके गोयल सहित राजनगर के अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# हापुड़ रोड की ग्रीन बेल्ट को बनाया जा रहा है सुंदर

**सौंदर्यीकरण**

> हरियाली से लेकर फुलवारी पर नगर निगम दे रहा खास ध्यान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद हापुड़ रोड पर स्थित कमला नेहरू नगर से लेकर सीपीडब्ल्यूडी मार्ग तक बनी ग्रीन बेल्ट अब नई शक्ल दी जा रही है। लंबे समय से अतिक्रमण और गंदगी की चपेट में आई यह ग्रीन बेल्ट अब नगर निगम की देखरेख में सुधारी और संवारी जा रही है। नगर निगम ने इस क्षेत्र को न सिर्फ साफ किया है बल्कि यहां हरियाली और फुलवारी फैलाने की शुरूआत भी कर दी है।

### लंबे समय से उपेक्षित थी ग्रीन बेल्ट

करंट क्राइम : हापुड़ रोड शहर का मुख्य मार्ग है, लेकिन यहां की ग्रीन बेल्ट काफी समय से बदहाल पड़ी थी। जगह-जगह अतिक्रमण, अव्यवस्था और गंदगी के कारण इसका स्वरूप बिगड़ चुका था। स्थानीय लोग भी लगातार इसकी दुर्दशा को लेकर शिकायतें करते रहे हैं। अब नगर निगम की पहल से इस ग्रीन बेल्ट को नया जीवन मिलने जा रहा है। नगर निगम ने बीते दिनों बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया। इसके तहत झाड़ियों और कचरे को हटाया गया। इसके बाद यहां पौधारोपण का काम शुरू किया गया है। खास बात यह है कि यहां सीजनल फूलों के पौधे, झाड़ियाँ और हरियाली बढ़ाने वाले पेड़ लगाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जब ये पौधे बढ़ेंगे और फूल खिलेंगे, तो यह मार्ग शहर की शान बनेगा।

### शहरवासियों को मिलेगा लाभ

- हरियाली और फूलों से सड़क का वातावरण बेहतर होगा।
- धूल और प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी।
- राहगीरों और वाहन चालकों को ताजगी भरा दृश्य मिलेगा।
- शहर की सुंदरता और छवि दोनों में सुधार होगा।

### ग्रीन बेल्ट को सुंदर बनाने का हो रहा है काम : नगर आयुक्त



करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हापुड़ रोड की ग्रीन बेल्ट को सुंदर बनाने के लिए अलग-अलग किस्म के पौधे लगाए जा रहे हैं। इनमें सीजनल फ्लावरिंग प्लांट्स भी शामिल हैं, ताकि यह क्षेत्र रंग-बिरंगे फूलों से सजा रहे। हमारा उद्देश्य इस मुख्य मार्ग को स्वच्छ, आकर्षक और शहर की पहचान बनाना है। नगर निगम का कहना है कि केवल हापुड़ रोड ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य मुख्य मार्गों की ग्रीन बेल्ट को भी धीरे-धीरे व्यवस्थित किया जाएगा। अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त कर इनको फूलों और पौधों से सजाया जाएगा, ताकि गाजियाबाद एक स्वच्छ और हरित शहर के रूप में पहचान बना सके

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने उठाया नए दरोगाओं की पोस्टिंग पर सवाल
## कहा, अनुभवी पुलिसकर्मियों की अनदेखी और नये लोगों पर इतना भरोसा क्यों



> विधायक लोनी ने कहा कि लाइन में बैठे अनुभवी पुलिसकर्मियों को दरकिनार कर नए-नए जवानों को जिम्मेदारी दी जा रही है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर एक बार फिर पुलिस महकमे की कार्यशैली को लेकर आक्रामक हो गए हैं। इस बार उन्होंने ग्रामीण जोन की पुलिसिंग और चौकियों पर तैनात किए जा रहे नवनियुक्त उपनिरीक्षकों की पोस्टिंग पर सवाल खड़े किए हैं।

विधायक लोनी ने कहा कि लाइन में बैठे अनुभवी पुलिसकर्मियों को दरकिनार कर नए-नए जवानों को चौकियों की जिम्मेदारी दी जा रही है। ऐसे जवान, जो अभी अनुभवहीन हैं और ट्रेनिंग भी पूरी तरह से नहीं कर पाए हैं।

अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई जैसे गंभीर मामलों में अपेक्षित भूमिका नहीं निभा पा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये नए लड़के दिनभर फोन और वीडियो कॉल में व्यस्त रहते हैं, जबकि कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर इनका ध्यान नहीं है।

### 2023 बैच की पोस्टिंग पर क्यों उठे सवाल

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने यह भी सवाल उठाया कि आखिर 2023 बैच के कम अनुभवी पुलिसकर्मियों को लोनी क्षेत्र की चौकियों पर बंपर पोस्टिंग क्यों दी जा रही है? उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को इस पर जवाब देना चाहिए कि आखिर बिना अनुभव वाले पुलिसकर्मियों पर इतना भरोसा क्यों जताया जा रहा है। उनका यह सवालों वाला वीडियो सोशल मीडिया से लेकर पुलिस के अधिकारियों के बीच जमकर वायरल हो रहा है।

### लोनी विधायक पहले भी उठा चुके हैं आवाज

करंट क्राइम : कानून व्यवस्था की स्थिति से लेकर पुलिस के अधिकारियों के रवैये पर लोनी विधायक पहले भी कई बार आक्रामक हो चुके हैं। गौरतलब है कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पहले भी कई बार पुलिसिंग, अधिकारियों की कार्यशैली और भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठा चुके हैं। उनकी इस बार की टिप्पणी एक बार फिर पुलिस विभाग और सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन गई है। अब देखना होगा कि विधायक लोनी के इन तीखे सवालों का आने वाले दिनों में क्या असर होता है।

# शालीमार गार्डन में पुलिस संवाद कार्यक्रम आयोजित

> सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने बीट पुलिसिंग को सराहा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शनिवार को शालीमार गार्डन क्षेत्र के सेंट मैरी स्कूल में पुलिस संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह एवं थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 100 सम्भ्रान्त व्यक्ति, पार्षद, डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, मीडियाकर्मी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। एसीपी अतुल सिंह द्वारा सभी उपस्थित लोगों को कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रचलित बीट प्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही थानाक्षेत्र के सभी बीट एसआई/बीपीओ के नम्बर साझा किए गए हैं।

### सत्यापन अभियान में लोगों से मदद की अपील

करंट क्राइम : इस दौरान लोगों को अवगत कराया गया कि यदि पासपोर्ट सत्यापन, चरित्र प्रमाण पत्र, शिकायत जांच या किरायेदार सत्यापन के दौरान कोई पुलिसकर्मी किसी प्रकार का लाभ लेने की कोशिश करता है तो उसकी तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को दें। संवाद के दौरान सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने गाजियाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की और आश्वासन दिया कि इस व्यवस्था के बारे में आम जनमानस को भी जागरूक किया जाएगा।



# सड़कों पर छाया है अंधेरा और गड्ढों में विलोपित हो गई है सड़क
## कब सुधरेगी ये दशा और कब अधिकारी होंगे सिस्टम को लेकर कड़क



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकार आई थी तो गड्ढों को लेकर डीएम तो छोड़ो प्रदेश के सीएम काफी गंभीर थे। उन्होंने गड्ढे भरने को लेकर निर्देश दिया था और एक बड़ा फंड जारी किया था।

इसके बाद मेयर ने भी गड्ढों की हालत की केयर की थी और कहा था कि कहीं भी गड्ढा दिखे तो मुझे सूचित करें। इसी बीच बरसात आ गई और अब सीन ही बदल गया है। महानगर की कोई सी सड़क उठा लो, हर सड़क पर गड्ढे हैं। आज बात उस सड़क की हो रही है जहां से हजारो लोग रोजाना गुजरते हैं। ये सड़क गोविन्दपुरम की वो सड़क है जो मैक्स अस्पताल से अंदर जाती है।



इस सड़क पर इतने गड्ढे हैं कि उन्हें गिनना मुश्किल है। यहां रोजाना लोग घायल हो रहे हैं। गड्ढों से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। गड्ढों में सड़क विलोपित हो गई है और ये कब ठीक होगी, कोई बताने को तैयार नहीं है। हालांकि निगम प्रशासन स्तर पर नगर आयुक्त ये घोषणा कर चुके हैं कि बरसात के बाद गड्ढों के भराव का कार्य शुरू होगा और इसके लिए सरकार से फंड आ चुका है। लेकिन जो लोग रोजाना परेशानी झेल रहे हैं वो पूछना चाहते हैं कि ये परेशानी कब समाप्त होगी। गोविन्दपुरम की इस सड़क का बुरा हाल हो चुका है। इम्पीरियल फार्म हाउस के सामने से जाती इस सड़क का हाल बुरा है।

### गौड़ होम्स चौराहे पर खराब पड़ी है हाई मास्क लाइट

करंट क्राइम। एक तो आम जनता और वाहन चालक सड़कों के गड्ढों से परेशान है। रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं दूसरी तरफ सड़क का अंधेरा और सड़क के गड्ढे जानलेवा हो गये हैं। रात के समय वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वो घायल हो रहे हैं। गोविन्दपुरम बस अड्डा चौराहा जिसे गौड़ होम्स चौराहा भी कहा जाता है। यहां लगी हाई मास्क लाइट खराब पड़ी है। लोगों का कहना है कि कई बार कहने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधेरे के चलते परेशानी होती है और यहां लाईट लंबे समय से खराब पड़ी है।

## संपादकीय

# संकट के मुहाने पर नेपाल

समूचे नेपाल को एकदम ठप कर देने वाली हिंसा ने भले ही वहां के सत्ताधारी प्रतिष्ठान को चकित कर दिया हो लेकिन यह संकट कम से कम एक दशक से पनप रहा था। इसके मूल में नेपाली युवाओं की वह निराशा है जो सरकार की आर्थिक वृद्धि और रोजगार के अवसर तैयार कर पाने में नाकामी से उपजी है। भ्रष्टाचार ने हालात को और बुरा बना दिया। नेपाल के सार्वजनिक जीवन का कमोबेश हर क्षेत्र भ्रष्टाचार का शिकार है। नेपाल की आधी से अधिक आबादी 30 वर्ष से कम आयु की है। काठमांडू में विरोध प्रदर्शन करने वाले आबादी के इस अहम हिस्से को जेनजी के नाम से जाना जाता है। यह अपेक्षाकृत अधिक शिक्षित और वैश्विक माहौल से अवगत युवा हैं।

नेपाल में इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले अच्छी खासी संख्या में हैं और ऐसे में सरकार द्वारा 26 मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगाने के बाद जो प्रदर्शन पहले छात्रों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से शुरू किया गया था जल्दी ही उसमें असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हो गई। इस व्यापक प्रतिबंध का कारण यह बताया गया कि व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे ये प्लेटफार्म पंजीकृत होने के लिए नेपाल के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा तय समयसीमा का मान रखने में नाकाम रहे थे।

ऐसे में प्रतिबंध को लेकर हिंसक प्रतिक्रिया हुई और करीब 20 लोगों की जान चली गई। सत्ताधारी कुलीन वर्ग ने जमीनी हकीकतों को समझने में गलती कर दी थी। यह गलत आकलन अपने आप में बताता है कि इस लोकतांत्रिक गणराज्य की सत्ता संरचना में कितनी खामियां हैं। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) और नेपाली कांग्रेस के रूप में दो सबसे बड़े दलों के सत्ताधारी गठबंधन में उम्रदराज कुलीनों का वर्चस्व था। यह गठबंधन अपने ही लोगों से लगातार दूर होता जा रहा था। ये कुलीन वर्ग ही समय-समय पर सत्ता में आते और जाते रहे।

खड्ग प्रसाद ओली (73 वर्ष) जिन्हें हिंसा के बाद अचानक प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देना पड़ा उन्हें 2024 में चुना गया था और यह उनका चौथा कार्यकाल था। वह तब सत्ता में आए जब उनकी पार्टी ने पुष्प कमल दहल ह्यप्रचंडह्न (70 वर्ष) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया। प्रचंड तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। सत्ता की साझेदारी की ताजा व्यवस्था के तहत ओली को 2027 में अगले चुनाव तक नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा के साथ बारी-बारी से प्रधानमंत्री का पद संभालना था।

देउबा पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इस बीच अर्थव्यवस्था बहुत हद तक विदेश से भेजी जाने वाली राशि पर निर्भर हो गई जो नेपाल के सकल घरेलू उत्पाद का करीब एक चौथाई है। इसमें भारत का बहुत अधिक योगदान है। संयोगवश इस बार भारत उस दोषारोपण से मुक्त है जिसका सामना उसे अक्सर करना पड़ता है।

कानून और व्यवस्था कायम करने का काम अब सेना के पास है और एक पूर्व न्यायाधीश को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया है। इस प्रकार नेपाल का भविष्य अनिश्चितता का शिकार है। सत्ताधारी दल विफल रहे हैं। वर्ष 2008 में बेदखल राजशाही की वापसी तो मुमकिन नहीं नजर आती, हालांकि उसकी प्रतिनिधि राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी प्रदर्शनकारियों की नाराजगी से बचने में कामयाब रही है।

नेपाल की राजनीति में पीढ़ीगत बदलाव के प्रतीक दो लोकप्रिय दावेदार अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एक हैं बालेन साह (35 वर्ष) जो पूर्व रैपर और काठमांडू के सफल मेयर रहे हैं। दूसरे हैं रवि लामिछाने (51 वर्ष) जो टीवी प्रस्तोता और पूर्व मंत्री हैं और जिन्हें भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सजा हुई थी और जो जेल पर हमले के बाद रिहा हो गए हैं। राजनीतिक व्यवस्था इन दोनों पर कितना भरोसा जताएगी यह देखना होगा।

## क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में दावा

# कपड़ा उद्योग के राजस्व में आ सकती है गिरावट



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ से घरेलू कपड़ा उद्योग के राजस्व में 5-10 फीसदी की गिरावट आ सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। इस उद्योग में निर्यात की हिस्सेदारी लगभग तीन-चौथाई है।

**तीन प्रमुख कारक कपड़ा उद्योग को सहारा दे सकते हैं :** रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा चुनौतियों के बावजूद तीन प्रमुख कारक भारतीय कपड़ा उद्योगों को सहारा दे सकते हैं। इसमें अप्रैल से अगस्त 2025 के बीच बिक्री का मजबूत वृद्धि। दूसरा चीन, पाकिस्तान और तुर्की जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की सीमित निर्यात क्षमता खासकर उन उत्पाद श्रेणियों में जहां भारत को कम टैरिफ का फायदा है और भारतीय विनिमार्ताओं का वैकल्पिक वैश्विक बाजारों की ओर रुख करना शामिल है। इसके अलावा यह कंपनियों की कर्जमुक्त बैलेंस शीट क्रेडिट प्रोफाइल पर पड़ने वाले दबाव को आंशिक रूप से कम कर सकती है।

**खुदरा विक्रेता महंगाई को लेकर सतर्क बने हुए :** क्रिसिल रेटिंग्स के उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि होम टेक्सटाइल्स विवेकाधीन उत्पाद हैं। अमेरिका को इसके निर्यात इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 2-3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है। खुदरा विक्रेता मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बीच मांग को लेकर सतर्क बने हुए हैं। लेकिन 27 अगस्त से उच्च टैरिफ के कार्यान्वयन से पहले, कुछ ऑर्डरों की अग्रिम लोडिंग के कारण निर्यात में तेजी आई थी।

गुप्ता ने आगे कहा कि इसके अलावा, प्रतिस्पर्धी देशों में कपास आधारित घरेलू वस्त्र उत्पाद बनाने की सीमित क्षमता होने के कारण, भारत निकट भविष्य में अमेरिकी बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति बनाए रखने में सक्षम होना चाहिए। इससे इस वित्त वर्ष में उद्योग के कुल राजस्व में गिरावट 5-10 प्रतिशत तक सीमित रहनी चाहिए।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसका असर उन कंपनियों पर ज्यादा पड़ने की उम्मीद है जो अपनी आधी से अधिक आय अमेरिका से कमाती हैं। क्रिसिल रेटिंग ने आगे कहा है कि अमेरिका में कम खरीद की भरपाई के लिए, भारतीय निमार्ता यूरोपीय संघ (ईयू) और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

# सोने और चांदी की कीमतों ने पकड़ी रफ्तार

## सोना 44.14 प्रतिशत और चांदी में 47.16 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक मांग और अगले सप्ताह अमेरिकी फेड रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने से शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने और चांदी की कीमतें नई ऊंचाई पर पहुंच गईं। सोने की कीमत 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर गई। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। यह 700 रुपए की छलांग लगाकर 1,13,800 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 700 रुपए बढ़कर 1,13,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो इसका सर्वकालिक उच्चतम स्तर है।

इस बीच, चांदी में तेजी से उछाल आया और दो दिन की गिरावट का सिलसिला थम गया। चांदी 4,000 रुपये की छलांग लगाकर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

चालू कैलेंडर वर्ष में पीली धातु की कीमतों में 34,850 रुपये प्रति 10 ग्राम या 44.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर



44,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है।

**अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ाई :** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी हाल के अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों से प्रेरित है। इसने 2025 के अंत से पहले फेडरल रिजर्व द्वारा कई ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बढ़ा दिया है, जिससे बुलियन में खरीदारी गतिविधि को बढ़ावा मिला है। गांधी ने कहा कि इसके अलावा, औद्योगिक धातुओं में सकारात्मक रुख और एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों से मजबूत प्रवाह से चांदी की तेजी को लाभ मिला।

एसोसिएशन के अनुसार, भौतिक और निवेश खंडों में मांग मजबूत रहने के कारण सफेद धातु 1,28,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इस वर्ष चांदी की कीमतों में तेजी रही है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 42,300 रुपये या 47.16 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**वैश्विक बाजारों में बढ़े सोने-चांदी के दाम :** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 12.69 डॉलर या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 3,646.69 डॉलर प्रति औंस हो गया। वैश्विक बाजारों हाजिर चांदी 1.82 प्रतिशत बढ़कर 42.31 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

**सोने के सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद :** एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट कमोडिटी एंड करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा कि अगले सप्ताह फेड द्वारा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के कारण कॉमेक्स पर सोना 3,647 डॉलर पर मजबूती के साथ कारोबार कर रहा था।

# आयकर रिटर्न दाखिले करने की अंतिम तारीख 15 सितंबर

## अब तक 6 करोड़ से अधिक आईटी रिटर्न दाखिल




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को बताया कि कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। बिना जुमार्ने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है।

आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद, जिन्होंने हमें अब तक 6 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) के मील के पत्थर तक पहुंचने में मदद की है और यह संख्या अब भी जारी है।

आईटीआर फाइलिंग, कर भुगतान और अन्य संबंधित सेवाओं के लिए करदाताओं की सहायता के लिए, हमारा हेल्पडेस्क 24७7 आधार पर काम कर रहा है। विभाग कॉल, लाइव चैट, वेबएक्स सत्र और ट्विटर/एक्स के माध्यम से सहायता प्रदान कर रहा है। आयकर विभाग ने उन करदाताओं से भी कहा, जिन्होंने निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है, से अपील की है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए जल्द से जल्द इसे दाखिल करें।

आयकर विभाग ने मई में ऐसे व्यक्तियों, एचयूएफ और संस्थाओं (जिन्हें अपने खातों का ऑडिट नहीं करना पड़ता) की ओर से आकलन वर्ष (एवाई) 2025-26 (वित्तीय वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए) के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर करने की घोषणा की थी।

आयकर विभाग ने यह फैसला आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म में 'संरचनात्मक और विषयवस्तु से जुड़े बदलावों' के कारण लिया था। आयकर रिटर्न फॉर्म्स की अधिसूचना अप्रैल के अंत और मई की शुरूआत में जारी की गई थी। आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म में किए गए बदलावों के साथ-साथ आईटीआर फाइलिंग सुविधाओं और बैक-एंड सिस्टम में भी बदलाव किए जाने की जरूरत थी।

पिछले कुछ वर्षों में आईटीआर दाखिल करने में लगातार वृद्धि देखी गई है।

## राशिफल

**मेष:** मन विचलित रहेगा। पार्टनर के साथ किसी खास जगह घूमने जा सकते हैं। लव लाइफ में पार्टनर का पूरा सहयोग मिलेगा। नए दोस्तों से नजदीकियां बढ़ सकती हैं।

**वृष:** आए दिन हो रहे शोर-शराबे से आप परेशान रहेंगे। जीवनसाथी के घमंडी या अशिष्ट व्यवहार से मन दुखी रह सकता है। लव पार्टनर के साथ शाम रंगीन रहेगी।

**मिथुन:** प्रेमी से प्रभावित होंगे। किसी वजह से पहले प्रेमी से अलग हुए हैं तो संपर्क करें। बिछड़े प्रेमी से कोई ऐसी खबर मिल सकती है जो दिल को खुश करने वाली होगी।

**कर्क:** आप जो भी फैसला लें, सोच-समझकर लें। आप विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित होंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता आएगी। वाहन आदि पर खर्च कर सकते हैं।

**सिंह:** प्रेम संबंध में परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ मूवी या डिनर प्लान कर सकते हैं। रिश्ते को ठीक करने में मुश्किलें आ सकती हैं।

**कन्या:** शादियां हो रही हैं। किसी पुराने मित्र से विवाह तय हो सकता है। प्रेमी के साथ रोमांस के कई मौके मिलेंगे। साथ घूमने का प्लान बन सकता है।

**तुला:** प्रेम जीवन में गंभीर संबंध बनाने के लिए आपको बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। प्रेमी पर संदेह हो सकता है, अपना नजरिया बदलें।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलेगा। मां के सहयोग से रिश्ता तय किया जा सकता है। रोमांटिक मूड विपरीत लिंग के लोगों को आकर्षित कर सकता है।

**धनु:** प्रेम संबंधों और प्रेम जीवन में स्थिरता आएगी। प्रेम में आत्मीयता बढ़ेगी। दिल रोमांटिक रहेगा। अपनी जिद को अपनी लव लाइफ पर हावी न होने दें।

**मकर:** प्रेम संबंधों को लेकर परिवार के सदस्य विरोध कर सकते हैं। नौकरी, आमदनी, आजीविका आज जीवन का मुख्य लक्ष्य रहेगा। रोमांटिक शाम का प्लान करेंगे।

**कुंभ:** प्रेमी से अनबन प्रेम के धागे को कमजोर कर सकती है। कोशिश करें कि प्रेम संबंधों में तनाव न बढ़े और कूल रहें। शादीशुदा जोड़ा बच्चों के लिए प्लान बना सकता है।

**मीन:** रिलेशनशिप को लेकर एक्साइटेड हैं। जीवनसाथी को नौकरी मिल सकती है। शादीशुदा जोड़े के जीवन में रोमांस कम रहेगा। रिश्ते में ताजगी लाएं।

## चुटकुले

ग्राहक - रसगुल्ले की दुकान तो तेरे पापा की ही है, तेरा खाने का मन नहीं करता?
पप्पू - बहुत मन करता है अंकल... लेकिन पापा गिन कर रखते हैं इसलिए बस चूस के वापिस रख देता हूं।

---

कसम से एक साथ सारे कांड
याद आ जाते हैं...
जब घरवाले कहते हैं -
बैठो तुमसे कुछ बात करनी है।

---

प्रश्न - दुनिया का सबसे बड़ा त्यौहार कौन सा है?
उत्तर - घरवाली
प्रश्न - कैसे?
उत्तर - हफ्ते में 3-4 बार मनाना ही पड़ता है।

---

पति आज बाहर खाना खाएंगे।
पत्नी (खुश होकर) - ठीक है, मैं दो मिनट में तैयार होकर आती हूं।
पति - ठीक है मैं बाहर चटाई बिछाता हूं तब तक...
फिर क्या, पति की हुई जोरदार कुटाई..

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है। बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बेंगलुरु बुल्स की जीत की हैट्रिक, जयपुर पिंक पैंथर्स को घरेलू मैदान पर 27-22 से हराया





**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 के 29वें मैच में शुक्रवार को जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने अपने जबरदस्त डिफेंस और संतुलित खेल की बदौलत जयपुर पिंक पैंथर्स को 27-22 से मात दी। इस जीत के साथ बुल्स ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, मेजबान जयपुर को अपने घरेलू मैदान पर पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा।

छह मैचों में यह बुल्स की तीसरी जीत रही। टीम के डिफेंस ने कुल 13 अंक जुटाए। दीपक संकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाई-5 पूरा किया और पांच अंक जुटाए। उनके साथ संजय ने तीन और सत्यप्पा ने चार अंक हासिल किए। रेड में अलीरेजा मीरजाइन सबसे सफल रहे, जिन्होंने 8 अंक जुटाए। दूसरी ओर जयपुर के लिए नितिन ने सबसे ज्यादा 8 अंक लिए जबकि अली समाधी ने चार अंक बटोरे, लेकिन टीम का डिफेंस निराशाजनक रहा और पूरे मैच में सिर्फ सात अंक ही जुटा सका।

मैच की शुरूआत में जयपुर 0-2 से पीछे चल रहा था, लेकिन समाधी और डिफेंस ने वापसी कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद नितिन ने दीपक को आउट कर टीम को लीड दिलाई। हालांकि बुल्स के आशीष और डिफेंस ने जल्द ही स्थिति पलट दी और स्कोर बराबरी पर ला दिया। पहले हाफ के 10वें मिनट तक दोनों टीमें 5-5 से बराबर थीं।

ब्रेक से पहले बुल्स ने लगातार दो सुपर टैकल किए और न सिर्फ जयपुर को आलआउट होने से बचा लिया बल्कि बढ़त भी बना ली। इसके बाद अलीरेजा और संजय के अंकों ने बुल्स को 16-9 की मजबूत बढ़त दिला दी।

हाफटाइम के बाद जयपुर ने नितिन के दम पर वापसी की कोशिश की, लेकिन बुल्स के डिफेंस ने उन्हें कई बार आउट कर दिया। नितिन 34 मिनट के खेल में लगभग 18 मिनट तक मैट से बाहर रहे, जिससे जयपुर की उम्मीदें कमजोर हो गईं। अंतिम मिनटों में साहिल ने संजय को आउट कर नितिन को रिवाइव जरूर किया लेकिन वह भी डैश आउट हो गए। इस समय तक बुल्स 26-18 से आगे थे। हालांकि जयपुर ने अंत में तेजी से अंक जुटाकर अंतर को घटाया, लेकिन जीत बुल्स के खाते में गई। इस जीत ने बेंगलुरु बुल्स को आत्मविश्वास से भर दिया है, वहीं जयपुर पिंक पैंथर्स को घरेलू दर्शकों के सामने हार झेलनी पड़ी।

# सत्र के अपने पहले फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग, सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंच गए हैं। इस भारतीय जोड़ी ने लंबा सूखा समाप्त करते हुए सत्र के अपने पहले फाइनल में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग ने शनिवार को सेमीफाइनल में विश्व के नौवें नंबर की जोड़ी चीनी ताइपे के बिंग वेई लिन और चेन चेंग कुआन को सीधे गेम में हराया।

सात्विक-चिराग ने लिन-कुआन को 21-17, 21-15 से मात दी। भारतीय जोड़ी सत्र के अपने पहले फाइनल में पहुंची है। इससे पहले उसे छह बार सेमीफाइनल में हार मिली थी। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का खिताबी मुकाबले में सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी तथा चीनी ताइपे की फांग चिह ली और फांग जिन ली के बीच एक अन्य सेमीफाइनल मैच की विजेता जोड़ी से होगा।

सात्विक-चिराग के लिए यह नतीजे काफी सुखद है क्योंकि उन्होंने कई चुनौतियों से पार पाकर वापसी की है। सात्विक-चिराग पिछले साल पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से चूक गए थे। इस भारतीय जोड़ी के पास अब इस साल का अपना पहला खिताब जीतने का मौका रहेगा।


# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सिकरौड़ा में ब्लॉक और बूथ अध्यक्षों की ली बैठक



गाजियाबाद, करंट क्राइम। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने शनिवार को संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक रजापुर के गांव सिकरौड़ा में बूथ और ब्लॉक कमेटी के अध्यक्षों के साथ बैठक की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सभी बूथ कमेटी के अध्यक्षों को मतदाता सूची सौंपी। उन्होंने सभी बूथ और ब्लॉक अध्यक्षों को सूचियों को वेरीफाई कर यह पता लगाने के निर्देश दिए कि इसमें कितने मतदाता सही है ताकि उनकी पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से बूथ स्तर पर मतदाता सूचियां का सत्यापन कराया जाएगा। इस मौके पर जिला सचिव इरफान, ब्लॉक अध्यक्ष शिवदत्त, नगर अध्यक्ष डासना अनवर कुरैशी, महामंत्री आबिद अली, ब्लॉक महामंत्री अयूब सिकरौड़ा आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जीडीए की तरह आवास विकास परिषद में भी रेरा और एओए समाधान सेल का गठन करने की मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से हाल ही में संयुक्त सचिव एमपी सिंह की देख रेख में रेरा व एओए समाधान सेल का गठन किया गय। जिसमें माह में एक दिन एओए व आरडब्लूए से प्राप्त समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उन पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है। इस सेल के गठन से हाईराइज सोसाइटीज में रहने वाले लाखों लोगों को बड़ी राहत मिली है। सेल द्वारा गाज़ियाबाद के बिल्डरों, एओए व आरडब्लूए से जुड़े मामलों में संवाद स्थापित कर उनपर त्वरित व प्रभावी निस्तारण किया जा रहा है।



दुर्गावती हेमराज टाहसरस्वती विद्या मन्दिर
वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
एम-ब्लॉक, नेहरू नगर, गाजियाबाद

निमन्त्रण-पत्र

दिनांक- 11-09-2025

उद्घाटन कार्यक्रम

तिथि - 15 सितम्बर 2025, दिन - सोमवार
समय - सायं 07:00 बजे
स्थान - विद्यालय प्रांगण

जीडीए द्वारा गठित रेरा व एओए समाधान सेल की अपार सफलता के बाद वसुंधरा के लोगों ने प्रदेश के मुखिया से अपील की है कि आवास विकास परिषद में भी जीडीए की तर्ज.पर रेरा व एओए समाधान सेल का गठन किया ताकि वसुंधरा, सिद्धार्थ विहार व मंडोला सें बनी सहकारी आवास समितियों, बिल्डर प्रोजेक्ट व परिषद की खुद की योजनाओं के हजारों आवंटियों की समस्याओं व शिकायतों को दूर करने की उच्च स्तर पर प्रभावी पहल की जा सके।

वसुंधरा निवासी आरडब्लूए सदस्य संदीप गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर आवाज विकास परिषद में भी रेरा और एओए समाधान सेल का गठन करने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा कि परिषद की इस समाधान सेल की व्यवस्था से परिषद व उनकी योजनाओं के आवंटियों में न केवल तालमेल स्थापित होगा बल्कि परिषद द्वारा उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण भी किया जा सकेगा।

संदीप गुप्ता ने पोर्टल पर मुख्यमंत्री व एक्स पर जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री और आवास विकास परिषद से रेरा व समाधान सेल के गठन का आग्रह किया है।

# मियाद खत्म लेकिन न्याय खंड एक से नहीं हटा शराब का ठेका, महिलाओं ने आंदोलन तेज करने का फैसला लिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दी गई मियाद के भीतर न्याय खंड एक में अवैध शराब का ठेका बंद नहीं होने से क्षेत्र की महिलाओं ने आंदोलन तेज करने का फैसला लिया है। इस सिलसिले में शनिवार को महिलाओं की एक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक शराब का ठेका बंद नहीं होता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। न्याय खंड एक की ग्रीन बेल्ट में खुले इस शराब के ठेके का क्षेत्र की महिलाएं जबरदस्त तरीके से विरोध कर रही है।

पूर्व पार्षद और वरिष्ठ भाजपा नेता मीना भंडारी ने कहा कि पिछले दिनों प्रशासन, पुलिस और नगर नगर निगम के अधिकारियों से क्षेत्र की महिलाओं ने मुलाकात की थी। तब प्रशासन की ओर से कहा गया था कि शनिवार तक ठेके को बंद कराने को लेकर फैसला लिया जाएगा लेकिन शनिवार तक भी कोई फैसला नहीं लिया गया। मीना भंडारी ने कहा कि शराब का ठेका अवैध तरीके से वार्ड 79 के न्याय खंड एक में खोला गया है। पहले यह ठेका मकनपुर में हुआ करता था। लेकिन नई आबकारी पॉलिसी के तहत शराब का ठेका न्याय खंड थर्ड में आवंटित किया गया था। इस ठेके को जायसवाल नामक एक व्यापारी को आवंटित किया गया है। कुछ दिनों तक उसने न्याय खंड थर्ड में ठेका खोला था लेकिन न जाने क्यों कुछ माह के भीतर न्याय खंड एक की ग्रीन बेल्ट में खोल दिया। मीना भंडारी ने कहा कि इस ठेके के खुलने से यहां की महिलाओं को भारी परेशानी होगी। आए समय यहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। महिलाओं ने शराब के ठेके के सामने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन, नगर निगम और पुलिस ने ठेका को अंन्यत्र शिफ्ट करने का आश्वासन दिया है लेकिन यह आश्वासन पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं ने ठान लिया कि जब तक शराब के अवैध ठेके को न्याय खंड एक से नहीं हटा दिया जाता तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगी।

# 9 अक्टूबर की जनसभा को लेकर बसपा की मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में बैठक आयोजित



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली जनसभा को लेकर शनिवार को मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में बसपा की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित और मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम सेन ने कार्यकताओं को 9 अक्टूबर को लखनऊ चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में होने वाली सबसे बड़ी जनसभा में पूरे देश से बसपा कार्यकर्ता भाग लेंगे। गाजियाबाद जिले से 20 हजार के करीब कार्यकर्ता लखनऊ जाएंगे। लखनऊ के हजरत महल के मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें बसपा अध्यक्ष मायावती और राष्ट्रीय मुख्य कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद कार्यकताओं को संबोधित करेंगे इस मौके पर दयाराम सेन ने मुरादनगर विधानसभा के कार्यकताओं को जनसभा के लिए जिम्मेदारियां दी।

बैठक में राम रूप बुद्ध महेश प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का संचालन ओमवीर सिंह गौतम ने किया।

# 'पुराने फामूर्ले' पर कायम रहेगी भारतीय टीम, संजू सैमसन को 5वें या छठे नंबर पर उतरना होगा

**दुबई।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले से पहले भारतीय टीम प्रबंधन अपने 'पुराने फामूर्ले' पर कायम रहेगी और एकादश में बदलाव के आसार बेहद कम हैं। बहरहाल, इस मैच में भी संजू सैमसन का बल्लेबाजी क्रम रविवार को चर्चा का विषय रहेगा।



टूनार्मेंट के पहले मैच से पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि सैमसन टीम मैनेजमेंट की योजनाओं में हैं लेकिन जब उन्हें यूएई के खिलाफ टीम के उन्हें मैच से एक दिन पहले वैकल्पिक अभ्यास से आराम दिया गया तो साफ हो गया कि केरल का यह धाकड़ बल्लेबाज जितेश शर्मा की जगह खेलेगा। यूएई के खिलाफ भारतीय टीम ने शुभमन गिल और सैमसन दोनों को उतारा।

हाल ही पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा था कि सैमसन को नंबर तीन से नीचे नहीं खिलाया जा सकता और अगर ऐसा करना है तो तिलक वर्मा को नंबर पांच पर आना होगा। तीनों प्रारूपों में टी20 एक ऐसा फार्मेट है जिसमें आंकड़ों की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। इसके अनुसार, सैमसन ओपनिंग से हटकर ज्यादा कारगर नहीं रहे हैं।

हालांकि, नंबर तीन पर उन्हें थोड़ा-बहुत सफल माना जा सकता है और यही असली दुविधा है, क्योंकि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा भी टी-20 में नंबर तीन से नीचे प्रभावी नहीं रहे हैं। तीसरा पहलू कप्तान खुद हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में लगातार नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर भारत के लिए मैच विनर बने हैं। ऐसे में पाकिस्तान के विरुद्ध मुकाबले में भी संजू सैमसन का शीर्ष तीन में उतरना तय नहीं है, इसका मतलब है कि वह पांचवें या छठें नंबर पर खेलते दिख सकते हैं।

संजू सैमसन भारत के लिए 38 पारियां खेली हैं, जिनमें से 14 बार वह ओपनिंग कर चुके हैं। इस पोजिशन पर उन्होंने 861 में से 512 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके खाते में तीन शतक और एक अर्धशतक भी है। उन्होंने दो से सात तक हर क्रम पर बल्लेबाजी की है, लेकिन नंबर चार पर 11 पारियां खेलकर केवल 164 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक और 129.9 का स्ट्राइक रेट है।

### गिल करेंगे ओपनिंग

शुभमन जहां अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरूआत करने उतरे तो संजू सैमसन की बल्लेबाजी ही नहीं आई। यूएई के विरुद्ध मैच में अभिषेक शर्मा का विकेट गिरने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव उतरे थे। हालांकि, वह मैच असली स्थिति का संकेत तक नहीं था, लेकिन मजबूत टीमों के विरुद्ध देखना होगा कि सैमसन को कहां फिट किया जाए।

यानी 38 पारियों में से 25 बार वे या तो ओपनिंग (नंबर 1) पर खेले या नंबर 4 पर। बाकी स्थानों पर उनकी योगदान नगण्य और स्ट्राइक रेट भी बेहद खराब रहा है। यह भी दिखाता है कि वे मिडिल ओवरों में धीमी गेंदबाजों से जूझते हैं, भले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्हें अब तक बहुत ज्यादा स्पिन का सामना न करना पड़ा हो। तिलक वर्मा का रिकार्ड देखें तो साफ है कि वे नंबर तीन और चार पर ही खेले हैं।अपनी 24 पारियों में से 21 बार वे इन्हीं दोनों स्लाट पर खेले हैं। नंबर तीन पर 13 पारियों में उनके 443 रन हैं, उनके दोनों शतक दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध इसी स्थान पर आए। नंबर चार पर भी उन्होंने ठीक ठाक बल्लेबाजी की है। उन्होंने आठ पारियों में 256 रन बनाए हैं। वर्तमान सेटअप में कप्तान सूर्य और तिलक का तीन और चार नंबर पर अदला-बदली करना टीम के लिए कारगर साबित हुआ है।

कोटक संजू के बल्लेबाजी क्रम को लेकर चर्चा के बीच टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने शुक्रवार को कहा कि संजू ने पांच या छठे नंबर पर ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह इस नंबर पर बल्लेबाजी कर नहीं सकता। वह किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। टीम की जरूरत के हिसाब से कप्तान और कोच बल्लेबाजी क्रम तय करेंगे।

# गलैंड ने टी20 में ठोक डाले 304 रन, भारत का सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड चूर-चूर, फिल साल्ट ने बरसाए 141 रन

**मैनचेस्टरः** इंग्लैंड ने शनिवार मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल में कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ डाले। हैरी ब्रुक की कप्तानी वाली टीम टी20 में 300 रनों का आंकड़ा पार करने वाली दुनिया की तीसरी टीम और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली फुल टाइम मेंबर देश बन गई। सीरीज में पहला मुकाबला गंवाने के बाद इंग्लैंड ने अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाया। मैच में एडेन मार्करम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिस पर संभव है उन्हें पछतावा हो रहा होगा, क्योंकि इस मैच में इंग्लैंड ने 20 ओवरों में 304/2 का विशाल स्कोर बनाया।



### फिल साल्ट का 39 गेंदों में शतक, टी20 इंटरनेशनल करियर की चौथी सेंचुरी

फिलिप साल्ट ने कमाल की बैटिंग करते हुए 15 चौके और 8 छक्के की मदद से 60 गेंदों में नाबाद 141 रनों की रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली। उन्हें जोस बटलर का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने भी 30 गेंदों में 83 रनों की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल थे। ब्रुक ने भी बहते पानी में हाथ धोया और 21 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहे। फिल ने 39 गेंदों में शतक पूरा किया, जो इंग्लैंड के लिए किसी भी बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। यही नहीं, यह उनके करियर का चौथा टी20 इंटरनेशनल शतक भी है।

इंग्लैंड ने तोड़ा भारत रिकॉर्ड, बनाया फुल टाइम मेंबर की ओर से सबसे बड़ा स्कोर

टी20 इंटरनेशनल में टीम टोटल के मामले में इंग्लैंड ने भारतीय टीम का रिकॉर्ड चकनाचूर किया। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 12 अक्टूबर 2024 को हैदराबाद में 6 विकेट के नुकसान पर 297 रन ठोके थे। हालांकि, ओवरऑल यह टी20 इंटरनेशनल में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जिम्बाब्वे ने गांबिया के खिलाफ 23 अक्टूबर, 2024 को 4 विकेट पर 344 रन ठोके थे, जबकि नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 3 विकेट पर 314 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। यह मैच 27 सितंबर, 2023 को खेला गया था।

### इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका को 146 रन से हराया

मैच में पहाड़ सरीखे स्कोर का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम 16.1 ओवरों में 158 रनों पर ढेर हो गई। उसके लिए कप्तान एडेन मार्करम ने सबसे अधिक 20 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्के के दम पर 41 रन की पारी खेली, जबकि 16 गेंदों में 32 रन ठोके। बेबी एबी के नाम से मशहूर डेवाल्ड ब्रेविस 4 रन बनाकर आउट हुए तो अन्य बल्लेबाज भी बहुत खास नहीं कर सके। जोफ्रा आर्चर ने 3, जबकि सैम करन, विल जैक्स और लियाम डॉसन ने 2-2 विकेट झटके। इस तरह से इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका को 146 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है।

### सहवाग-सचिन ओपनर, युवराज-कोहली भी टीम में

# अजय जडेजा ने चुनी एशिया कप के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन

**मुंबई।** एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी अजय जडेजा ने सोनी टीवी पर कमेंट्री के दौरान एशिया कप के लिए भारत की बेस्ट प्लेइंग इलेवन का चयन किया। अजय जडेजा ने अपनी इस टीम में मौजूदा टीम से 4 खिलाड़ियों का चयन किया जबकि अन्य खिलाड़ी वो रहे जो भारत के लिए अब नहीं खेल रहे हैं।



अजय जडेजा ने अपनी टीम में रोहित शर्मा को जगह नहीं दी और ओपनर के लिए उन्होंने सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग का चयन किया। जडेजा ने अपनी टीम में तीसरे नंबर पर विराट कोहली को रखा जो भारत के लिए अब सिर्फ वनडे प्रारूप में खेल रहे हैं जबकि चौथे क्रम पर बैटिंग के लिए उन्होंने पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह का चयन किया। अजय जडेजा ने अपनी टीम में विकेटकीपर के रूप में एमएस धोनी का चयन किया, लेकिन उन्हें टीम का कप्तान नहीं बनाया। उन्होंने इस टीम में ऑलराउंडर के रूप में हार्दिक पंड्या, कपिल देव और रविंद्र जडेजा को जगह दी जबकि कुलदीप यादव को स्पिनर के रूप में टीम में जगह दी। उन्होंने जहीर खान और जसप्रीत बुमराह को टीम में तेज गेंदबाज को रूप में जगह दी।

जडेजा से जब इस टीम के कप्तान के चयन की बात कही गई तब उन्होंने कहा कि इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो कप्तानी कर सकते हैं जिसमें सचिन तेंदुलकर, सहवाग, कोहली, युवराज, धोनी, कपिल, पंड्या, बुमराह शामिल हैं, लेकिन मैं अपनी इस टीम का कप्तान वीरेंद्र सहवाग को बनाऊंगा।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई एनिमल बर्थ कंट्रोल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

## सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के क्रम में डॉग शेल्टर बनाने की कार्य योजना प्रस्तुत करे विभाग -नगर आयुक्त



नगर आयुक्त
विक्रमादित्य सिंह मलिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में एनिमल बर्थ कंट्रोल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई बैठक में समिति द्वारा श्वान संबंधित समस्याओं के निस्तारण एवं एबीसी कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से गाजियाबाद में क्रियाशील करने के लिए 11 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई तथा निर्णय लिया गया, बैठक में डॉक्टर एसपी पांडेय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ अनुज कुमार सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी, डॉ हरिवंश सिंह उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ सौरभ कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ आशीष त्रिपाठी पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह नगर स्वास्थ्य अधिकारी, संजय सिंह पार्षद वार्ड संख्या 100, नीतू शर्मा सदस्य २स्त्रू, व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि श्वान संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए नगर निगम संबंधित सभी कार्यवाही लगातार चल रही है, जिनको और अधिक प्रभावी रूप से क्रियाशील बनाने के लिए एबीसी मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की गई, बैठक में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे डॉग रजिस्ट्रेशन तथा स्टेरलाइजेशन पर विस्तृत जानकारी ली गई जिसमें टीम को रफ्तार से कार्य करने के निर्देश दिए गए प्रतिदिन श्वान की संख्या बढ़ाने के लिए भी कहा गया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी को आपसी समन्वय करते हुए संयुक्त रूप से निराश्रित श्वानों पर मॉनिटरिंग बनाते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए, नगर आयुक्त द्वारा टीम को प्रति माह में दो बार बैठक बुलाने के लिए निर्देशित किया गया ।

डॉ अनुज द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम में आयोजित हुई एबीसी मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से 11 बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के लिए तथा एबीसी नियम 2023 के क्रम में बध्यकरण एवं टीकाकरण का कार्य किया जाए मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया, पालतू श्वान के पंजीकरण को 311 एप तथा जीएमसी पेट एप के माध्यम से अधिक पंजीकरण किया जाए निर्णय लिया गया, कार्यदाई संस्था नए स्तर से गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत श्वान की गणना करें, जिससे टीकाकरण व अन्य कार्यवाही प्रभावी होंगी निर्णय लिया गया, बैठक में उपस्थित पार्षद संजय सिंह द्वारा भी अपने विचार रखे गए जिसमें उनके द्वारा बध्याकरण की कार्यवाही को वार्डवार किया जाने के लिए कहां गया जिस पर नगर आयुक्त महोदय तथा समिति द्वारा सहमति देते हुए कार्य करने का निर्णय लिया गया, RWA/AOA अपने रिहायसी सोसाइटी में फीडिंग पॉइंट स्थापित करना सुनिश्चित करें टीम को मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया, माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के क्रम में डॉग शेल्टर बनाने की कार्य योजना तैयार की जाए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए निराश्रित श्वानों को अधिक से अधिक एडॉप्शन किया जाए कार्य योजना बनाने के लिए चर्चा हुई।

नगर आयुक्त द्वारा बैठक के क्रम में नए बस अड्डे स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर पर बध्याकरण की कार्यवाही जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, जिसके लिए सभी कमेटी सदस्यों द्वारा नए एबीसी केंद्र का निरीक्षण भी किया गया, नगर आयुक्त द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में हेल्पलाइन नंबर 9650934500 के माध्यम से श्वान संबंधित शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही की जाए टीम को निर्देश दिए गए, बैठक के अंत में आवारा व निराश्रित श्वानों में मांस रेबीज वैक्सीनेशन एवं आरएफआईडी बेस्ड इंजेक्टबल माइक्रोचिप की शुरूआत करने के लिए अपनी कार्य योजना भी प्रस्तुत की गई नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश का पहला नगर निगम है जहां निराश्रित श्वानों के लिए मास रेबीज वैक्सीनेशन एवं आरएफआईडी माइक्रोचिप की शुरूआत की जाएगी, तथा तीन एबीसी सेंटर का संचालन वृहद स्तर पर किया जाएगा विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि माइक्रोचिप के द्वारा गाजियाबाद नगर निगम निराश्रित श्वानों की संपूर्ण जानकारी एक ही प्लेटफार्म पर रख सकेगा जिससे डॉग संबंधित समस्याओं के निस्तारण में विभाग को भी सरलता रहेगी, प्रत्येक श्वान के रजिस्ट्रेशन, वैक्सीनेशन तथा बध्याकरण की जानकारी विस्तृत रूप से रखी जा सकेगी, नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से भी गाजियाबाद नगर निगम की चल रही कार्यवाही में सहयोग करने के लिए अपील की गई है।

---

## सीकरी महामाया मंदिर में नवरात्र की तैयारी

## 15 दिन के लिए 30 लाख में दुकानों का ठेका, मेले में 150 दुकानें लगेंगी



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर के सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को मंदिर परिसर में लगने वाली प्रसाद की दुकानों का ठेका 30 लाख रुपए में दिया गया। यह ठेका 15 दिन के लिए मान्य होगा।



मंदिर परिसर में कुल 150 दुकानें लगाई जाएंगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक दुकान के बीच 50 मीटर की दूरी रखी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर से 500 मीटर दूर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली और अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्र भी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी ने पालिका परिषद के अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

---

## नोएडा में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त, 13 वाहन जब्त कर लाखों रुपये का जुमार्ना



**नोएडा करंट क्राइम।** परिवहन विभाग की टीम ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को टीम ने कार्रवाई करते हुए 13 वाहनों का चालान और सीज किया। इनसे 8.80 लाख रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया।

ओवरलोड वाहन शहर में गंभीर हादसों का कारण बन सकते हैं। एआरटीओ प्रवर्तन नंद कुमार, अभिषेक कनौजिया और डॉ. उदित नारायण पांडे ने यह कार्रवाई की। डॉ. उदित ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 756 ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर 3.28 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूला गया है। ओवरलोड वाहन न केवल सड़क हादसों का कारण बनते हैं, बल्कि वाहन को नुकसान भी पहुंचाते हैं। इनसे सड़कों को नुकसान पहुंचता है। विभाग लगातार ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। यह अभियान जारी रहेगा।

---

## मानसिक अस्वस्थ बेटा 13वीं मंजिल की बालकनी से कूदा बचाने को दौड़ी मां भी गिरी, दोनों की मौत

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा की एक हाईराइज बिल्डिंग की 13वें फ्लोर के फ्लैट की बालकनी से गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरी सोसाइटी में मातम छा गया। घटना बिसरख थाना क्षेत्र की है। मृतक दोनों मां और बेटे थे। जानकारी के अनुसार बिसरख क्षेत्र में स्थित एक हाईराइज सोसाइटी में रहने वाली महिला और उसका 12 वर्षीय बेटा आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में 13वीं मंजिल से नीचे गिर गए। इस घटना में मां-बेटे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बिसरख थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



बिसरख थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बिसरख क्षेत्र में स्थित ऐस सिटी सोसाइटी के एक टावर में 13वें फ्लोर पर रहने वाले दर्पण चावला का 12 वर्षीय बेटा दक्ष मानसिक रूप से अस्वस्थ था। आज सुबह वह अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे की तरफ कूदने के लिए तेजी से भागा। यह देख उसकी मां 38 वर्षीय साक्षी चावला भी उसे बचाने के लिए पीछे भागी। इसी बीच, दक्ष ने अचानक नीचे छलांग लगा दी। बेटे को बचाने की कोशिश में उसके पीछे भागी मां भी 13वीं मंजिल की बालकनी से नीचे गिर गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में मां-बेटे दोनों की मौत हो गई है। घटना के समय दर्पण चावला अपने घर के दूसरे कमरे में थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। इस घटना के चलते सोसाइटी में मातम फैल गया। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए थे। कुछ लोगों का कहना है कि सोसाइटी की फ्लैट के बालकनी की ग्रील की हाइट काफी कम है, जिसकी वजह से दोनों मां-बेटे नीचे गिर गए।

---

## लोनी में घर में घुसकर युवक की गला रेतकर बेरहमी से हत्या

### हत्यारों की नहीं लग सकी जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के इंद्रापुरी कालोनी में हत्या से सनसनी फैल गई। घटना देररात की है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने घर घुसकर युवक की हत्या कर दी। बदमाशों ने बडी ही बेरहमी से युवक की हत्या की। उन्होंने युवक के गर्दन को चाकू से रेत दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। हत्या करने वाले बदमाशों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि पडोसियों ने कमरे में लाश मिलने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। मृतक का परिवार देहरादून में रहता है। परिवार को सूचित कर दिया गया है। पडोसियों ने बताया कि सुभाष उर्फ भूरा डी ब्लॉक इंद्रापुरी में रहता था। वह शराब पीने का आदी था। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस की टीम आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।



---

## गाजियाबाद के नंदग्राम में मार्शल आर्ट्स सेल्फ-डिफेंस क्लास का हुआ आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महिला सशक्तिकरण और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट स्कूल गेम एसोसिएशन उत्तर प्रदेश और एक्टिव ग्रीन (नींव) संस्था ने नंदग्राम स्थित सेवा भारती विवेकानंद विद्या मंदिर विद्यालय में एक विशेष मार्शल आर्ट्स और सेल्फ-डिफेंस क्लास का आयोजन किया।



इस कक्षा का संचालन निंजा स्पोर्ट्स के महासचिव विक्की पांचाल ने किया। उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं को मार्शल आर्ट्स की बुनियादी जानकारी दी और आत्मरक्षा के कुछ महत्वपूर्ण गुर सिखाए। इन तकनीकों का उद्देश्य बच्चों को किसी भी आपातकालीन या खतरनाक स्थिति में खुद की सुरक्षा करने में सक्षम बनाना है। बच्चों ने इस सत्र में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

विक्की पांचाल ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान समय में हर बच्चे और विशेष रूप से महिलाओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है। एक्टिव ग्रीन की अध्यक्ष निधि विश्वकर्मा ने भी महिला और बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को देखते हुए इस तरह की कार्यशालाओं की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे और महिला को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक और जिम्मेदार होना सीखना चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा भसीन ने इस पहल की सराहना की और आश्वासन दिया कि बच्चों को मार्शल आर्ट्स सीखने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर विक्की पांचाल, निधि विश्वकर्मा, सीमा भसीन, अरुण गुप्ता, सत्येन्द्र त्यागी, पुष्पा गोस्वामी, अंजू, नीतम और विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

---

## रैपिड रेल के लिए 17 सितंबर होगा खास दिन, सराय काले खान समेत चार स्टेशन खुलेंगे, मेरठ मेट्रो का होगा शुभारंभ

गाजियाबाद एनसीआर की महत्वपूर्ण परियोजना रैपिड रेल पूरी हो गई है सराय काले खान स्टेशन भी बनाकर पूरी तरह तैयार है 17 सितंबर को सराय काले खान से मेरठ के लिए आरटीएस रैपिड रेल का उद्घाटन होगा। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन यानि एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि यह स्टेशन न सिर्फ विशाल है, बल्कि भविष्य में दिल्ली को हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से जोड़ने का एक बड़ा केंद्र बनेगा।

17 सितंबर को सराय काले खां के साथ-साथ तीन और स्टेशन शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम खुलने वाले हैं। इतना ही नहीं, मेरठ मेट्रो भी इसी दिन शुरू होगी। अक्टूबर 2023 से शुरू हुए इस कॉरिडोर ने अब तक 15 मिलियन से ज्यादा यात्रियों को सफर कराया है। हर 15 मिनट में चलने वाली ये ट्रेनें न तो फिक्स्ड टाइमटेबल पर निर्भर हैं और न ही सीट रिजर्वेशन की जरूरत है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि सराय काले खां से मोदीपुरम तक नामो भारत ट्रेनों का फुल टाइमटेबल ट्रायल पूरा कर लिया गया है। यह ट्रेन हर स्टेशन पर रुकते हुए भी एक घंटे से कम समय में दिल्ली से मेरठ पहुंचा देगी। 82.15 किमी लंबे इस कॉरिडोर में 16 स्टेशन हैं और अभी 55 किमी का हिस्सा (न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ) 11 स्टेशनों के साथ चल रहा है।

इस कॉरिडोर के पूरी तरह शुरू होने पर दिल्ली-मेरठ रूट पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल 37% से बढ़कर 63% हो जाएगा। यह रैपिड रेल यात्रा के समय को 60-75% तक कम कर देगी। यानी, दिल्ली से आसपास के इलाकों तक 30-60 मिनट में पहुंचा जा सकता है।

---




## किस थ्री-स्टार की टीआरपी होगी डाउन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार है। यहां कभी जिन थ्री-स्टारों के चर्चे और नाम व पहचान थी वो इन दिनों थानों से साइड लाइन और कागजी वर्क में लगे हुए हैं। तो कुछ ऐसे फेस हैं जो केस के बाद भी रेस में आकर अपनी पॉवर दिखा रहे हैं। तो कुछ की टीआरपी हमेशा हाई रहती है, पर कहा जा रहा है कि कई बार एक्सट्रा अंदाज आदमी को नुकसान दे जाता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले नदिया पार वाले सूत्रों ने बताया है कि सुनने में आ रहा है कि बीते कुछ दिनों से नदिया पार के एक खास थाने के थ्री-स्टार की टीआरपी धीरे-धीरे डाउन चल रही है। वैसे अभी भी उनका जलजला बना हुआ है, पर यह कब तक बरकरार रहता है, इसको लेकर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। बात थोड़ी पुरानी है पर सूत्रों से मिली स्टीक जानकारी के अनुसार उनके द्वारा एक कार्यक्रम को बुहत ही वीवीआईपी अंदाज में आयोजित किया गया था। पता चला है कि कार्यक्रम में फाइव स्टार वाले खान सामे और पकवान बनाने वालों ने भोज तैयार किया था। पर जिनके लिए वह खिलाने और परोसने का प्रोग्राम बना रहे थे, वह ऐन मौके पर कार्यक्रम में आए थे। बताया जा रहा है कि मामला प्रोटोकॉल से जुड़ा था। सुनने में आया है कि



उसके बाद से उस थाने पर थोड़ा सा गर्मी बढ़ती जा रही है, पर ट्वीट वाले मामले को लेकर नरमी का आलम लगातार बरकरार है। कहा जा रहा है कि उनको वैसे कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अभी अभय दान मिला हुआ है। उनकी टीआरपी और ट्यूनिंग डायरेक्ट वाली बताई जा रही है, पर जिस तरीके से जब से वह हॉट सीट पर आए हैं ,अंदाज और स्टाइल दोनों बदला बदला है। उनके विभाग वाले ही चर्चा कर रहे हैं कि कमिश्नरेट में उनकी वजह से कई को चांस मिल रहा है, पर जिस तरीके से कमिश्नरेट वाले सिस्टम को कहा जाता है कि टॉप पर जाने वाले कब बॉटम बन जाते हैं, कहा नहीं जा सकता है उनका ये हाल कब हो जाए। उनके वाले सर्किल में लगातार बड़े-बड़े खुलासे हो रहे है, तो उसमें थाने वालों से ज्यादा क्राइम कंट्रोल करने वालों का हाथ बताया जा रहा है। साथ ही इलाके वाले कुछ अधिकारी बेहतर परफॉर्मेंस कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में उनके इलाके के कारनामे अगर ट्वीट के माध्यम से ही जांच लिए जाएं तो कमिश्नरेट में उनके इलाके की अन्य व्यवस्थाओं का सच सामने आ जाएगा पर इन दिनों अभी उनपर एक्शन नहीं हो रहा है, इसीलिए वह खुद को एक्शन मैन माने बैठे हैं।

---

## गाजियाबाद में वितरक समाज की उम्मीदों को मिली नई दिशा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के चेयरमैन संजीव केरनी और राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्बर सिंह चौहान ने आज उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप से मुलाकात की। यह बैठक मंत्रीजी के राजनगर स्थित आवास पर हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य वितरक समाज की समस्याओं से मंत्रीजी को अवगत कराना और उनके उत्थान के लिए समर्थन प्राप्त करना था।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वितरक समाज के सामने आने वाली चुनौतियों और परेशानियों को मंत्रीजी के सामने विस्तार से रखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वितरक समाज देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, और उनकी समस्याओं का समाधान आवश्यक है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा, जब भी मेरी मुलाकात लखनऊ में मुख्यमंत्री या दिल्ली में प्रधानमंत्री से होगी, मैं वितरक समाज की बात को व्यक्तिगत और राजनीतिक, दोनों स्तरों पर जरूर रखूंगा और हर संभव मदद करूंगा।

इस मुलाकात से वितरक समाज में एक नई उम्मीद जगी है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का मानना है कि मंत्री जी का यह आश्वासन उनके समाज की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

---

## शौर्य चौधरी के शानदार शतक के बदौलत नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र ने ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी कोर्स 47 रनों से हराया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीएम एस मैदान पर खेले जा रहे प्रथम स्टेट ड्राइव अंडर 17 क्रिकेट टूनामेंट के लीग मुकाबले में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र ने ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी विवेक विहार को 47 रन से हराकर 2 अंक प्राप्त किए। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय केंद्र ने शौर्य चौधरी के शानदार शतक 136 रन 95 बॉल, निशांत चौधरी के 67 रन की सहायता से 34.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 242 रन का स्कोर बनाया। ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुफियान ने 29 रन लेकर 3 विकेट, मिताली खुल्लर ने 20 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किए। जवाब में खेलते हुए ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी की टीम 32.4 ओवर में सभी विकेट होकर 195 रन हीं बना सकी। जिसमें देवागय ने 26 रन, मयंक चौधरी ने 29 रन और सुफियान ने नॉट आउट 42 रन का योगदान दिया। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय केंद्र की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आयुष शर्मा ने 31 रन 3 विकेट, कुशविंदर सांगवान ने 34 रन देकर 2 विकेट, यश शाक्य ने 40 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया। आज के मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शौर्य चौधरी को दिया गया।

---

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Om Dutt Kaushik Adv
3h ·

बेटे ने #Master_of_Technology In #Biotechnology में Grade Point Average 10 पाइंट स्केल में से 8.56 के साथ पास आउट किया। मां भगवती एवं आप सभी का आशीर्वाद बेटे पर सदैव यूं ही बना रहे।🙏🚩🙏
#hilights
#follower



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक एडवोकेट के पुत्र ने शानदार अंकों के साथ परीक्षा में सफलता हासिल की। बेटे की कामयाबी को पिता ने प्रफुल्लित मन से फेसबुक पर साझा किया। ओम दत्त कौशिक की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी को सता रहा जासूसी का डर, चीनी नागरिकों को सभी परियोजनाओं से हटाया

**अमेरिका।** 'द एपोक टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, जो चीनी नागरिक किसी भी रूप में नासा की परियोजनाओं से जुड़े हुए थे, उन्हें पांच सितंबर को सूचना दी गई कि वे अब इन परियोजनों का हिस्सा नहीं रहेंगे। उन्होंने डिजिटल प्रणाली से अचानक बाहर कर दिया गाय। इसके साथ ही उन्हें नासा से जुड़ी बैठकों में हिस्सा लेने से रोका गया, चाहे वे आमने-सामने हों या ऑनलाइन (वर्चुअल)।

नासा की प्रवक्ता बेथानी स्टीवेंस ने इस नीति में बदलाव की पुष्टि की और कहा कि एजेंसी ने भौतिक और साइबर सुरक्षा जोखिमों को सीमित करने के लिए यह कदम उठाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये प्रतिबंध संवेदनशील कार्यों की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। यह फैसला



अमेरिकी तकनीकी क्षेत्र में चीनी नागरिकों की कड़ी जांच के बीच आया है। पिछले कुछ वर्षों में चीन के कम्युनिस्ट पार्टी के शासन से जुड़े कई जासूसी के मामले सामने आए हैं।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि नासा ने यह कदम किसी खास सुरक्षा उल्लंघन के कारण उठाया है या नहीं। जब अधिक जानकारी के लिए पूछा गया तो एजेंसी के कार्यवाहक प्रशासक सीन डफी ने फॉक्स बिजनेस पर की गई टिप्पणियों का हवाला दिया। डफी

**नासा ने घोषणा की है कि अब अमेरिकी वीजा धारक चीनी नागरिकों को उसकी सुविधाओं, अनुसंधान कार्यक्रमों और आंतरिक नेटवर्क तक पहुंच से वंचित कर दिया जाएगा। यह कदम अंतरिक्ष क्षेत्र में अमेरिका के नेतृत्व की बढ़ती चिंताओं को दशार्ता है खासकर चीन के साथ प्रतिस्पर्धा के बीच**

ने कहा कि अमेरिका को दूसरी अंतरिक्ष की दौड़ का नेतृत्व करना होगा। उन्होंने चेतावनी कि चीन के चंद्रमा से जुड़े मिशनों के पीछे शांति हासिल करना लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह सैन्य रणनीति के लिए है।

अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने भी इसी तरह की चिंता जताई है। अंतरिक्ष बल के प्रमुख जनरल बी चांस साल्ट्जमैन ने पहले कहा था कि बीजिंग का अंतरिक्ष कार्यक्रम उसकी सैन्य रणनीति से जुड़ा हुआ है। इस बीच, चीन ने अगस्त में लॉन्ग मार्च-10 चंद्रयान रॉकेट का परीक्षण किया है और यह दशक के अंत तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की तैयारी कर रहा है।

# रूस में भूकंप के तेज झटके 7 से अधिक तीव्रता से कांपी धरती

**रूस।** रूस में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पूर्वी तट के पास 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने भूकंप की तीव्रता सात मापी। एनसीएस के मुताबिक, भूकंप सुबह आठ बजकर सात मिनट पर आया। इसका केंद्र जमीन से 60 किलोमीटर गहराई में था। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने तीव्रता 7.1 बताई जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (ऋक्षेर) ने भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में बताया, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (वरऋष्ट) ने इसकी तीव्रता 7.4 बताई और केंद्र 39.5 किलोमीटर की गहराई में बताया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से बताया गया कि कामचटका के दक्षिण-पश्चिम में स्थित जापान ने कोई सुनामी चेतावनी जारी




नहीं की है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने क्या कहा अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, शनिवार तड़के रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 111.7 किमी पूर्व में और 39 किमी की गहराई में था। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी दी है कि भूकंप से सुनामी आ सकती है। अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। यह भूकंप उसी क्षेत्र में आया, जहां जुलाई में 8.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था। इसके बाद पूरे प्रशांत क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी।

# संसद भंग करने पर बढ़ी नाराजगी

**नेपाल।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से संसद भंग कर दी और सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया। हालांकि राष्ट्रपति के इस फैसले का विरोध भी शुरू हो गया है। नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों और अधिवक्ताओं के शीर्ष संगठन ने राष्ट्रपति के संसद भंग करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है और इस कदम को असंवैधानिक, मनमाना और लोकतंत्र के लिए एक गंभीर झटका बताया है।

कैबिनेट बैठक में प्रतिनिधि सभा भंग करने की सिफारिश की गई शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में प्रतिनिधि सभा को भंग करने की सिफारिश की गई,



जिसे राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार, प्रतिनिधि सभा 12 सितंबर, 2025 की रात 11 बजे से भंग हो गई है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति ने नए संसदीय चुनाव कराने की तारीख 21 मार्च, 2026 तय की है। सभी राजनीतिक दलों ने संसद भंग करने के इस कदम की निंदा की है।

नेपाली कांग्रेस ने दी चेतावनी इस कदम का विरोध करते हुए, देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, नेपाली कांग्रेस (एनसी) ने चेतावनी दी कि संविधान का उल्लंघन करने वाली कोई भी कार्रवाई अस्वीकार्य होगी।

# सिंधु नदी में कम होने लगा पानी, परेशान मछुआरों की सरकार ने भी नहीं सुनी फरियाद

**पाकिस्तान।** फिशरफोक फोरम की केंद्रीय नेता यासमीन शाह ने खुलासा किया कि सिंध के तटीय क्षेत्रों में भूमि का कटाव पहली बार 1950 में रिपोर्ट किया गया था। अब तक लगभग 3.5 मिलियन एकड़ जमीन समुद्र में खो चुकी है। इससे मछुआरा समुदाय को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। तब उनके गांव समुद्र में बह गए थे। इसके कारण हजारों परिवारों को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ा था।

शाह ने कहा कि सिंध सरकार की नीतियों के कारण मत्स्य पालन क्षेत्र में अनुबंध प्रणाली को मजबूत किया गया है। इसने गरीब मछुआरों के रोजगार को बुरी तरह प्रभावित



किया है। यह नीति मत्स्य पालन क्षेत्र में फलने-फूलने की चाहत रखने वाली बड़ी कंपनियों के हितों की रक्षा करके मछुआरों के रोजगार को और खतरे में डाल देगी।

आपदा प्रबंधन और पुनर्वास विशेषज्ञ नसीर मेमन ने कहा कि कोटरी बैराज और नई नहरों के निर्माण के बाद निचले सिंध इलाकों में रहने वाले लाखों लोग न केवल पीने के पानी से वंचित हो रहे हैं, बल्कि जल प्रवाह में कमी से

**पाकिस्तान की सिंधु नदी में पानी कम होने लगा है। साथ ही सिंध के तट पर कटाव होने से मछुआरा समुदाय की चिंता बढ़ गई है। अपनी जमीन और आजीविका नष्ट होते देख मछुआरों से सरकार से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई है**

सिंधु डेल्टा प्रणाली भी प्रभावित होगी। इससे समुद्र का लगातार अतिक्रमण होगा।

मछुआरा सहकारी समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष फातिमा मजीद ने कहा कि मछुआरा समुदाय लंबे समय से समस्याओं का सामना कर रहा है। मछुआरों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना और उनके कल्याणकारी परियोजनाओं को शुरू करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम मछली के निर्यात को भी बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि मछुआरों को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान किए जा सकें।

# यमन में इस्राइली हमले में आवासीय इमारतें तबाह खंडहरों में रहने के लिए मजबूर परिवार









**यमन।** यमन में इस्राइली हमलों ने जमकर कहर बरपाया है। इस्राइल की ओर से हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किए गए हमलों में सना में आवासीय क्षेत्रों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। हमलों में कई घर बर्बाद हो गए। लोगों को अधिकारियों से मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में लोग खंडहर बन चुकी इमारतों में रहने के लिए मजबूर हैं। वहीं हमलों में 46 लोगों की मौत हो गई है।

पिछले दिनों हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर ड्रोन दागा था। ड्रोन ने इस्राइल की बहुस्तरीय हवाई सुरक्षा को भेद दिया और दक्षिणी इस्राइली हवाई अड्डे पर हमला कर दिया। इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। इसके जवाब में इस्राइल ने यमन पर हमला किया। यमन में एक सैन्य मुख्यालय और सना ईंधन स्टेशन समेत आवासीय इमारतों पर मिसाइलें दागी गईं। इन हमलों में 11 महिलाओं और पांच बच्चों सहित 46 लोग मारे गए और 165 घायल हुए। साथ ही 11 स्थानीय पत्रकार भी मारे गए।

हूती विद्रोहियों के संस्कृति मंत्रालय के अनुसार इस्राइली हमले से यमन के राष्ट्रीय संग्रहालय को भी नुकसान पहुंचा। वहीं सना के मध्य तहरीर इलाके में दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए। वहां की एक निवासी उम तलाल ने कहा कि उसे विश्वास नहीं है कि अधिकारी घर की मरम्मत में मदद करेंगे। यहां वह अपनी बेटी और दो बेटों के साथ रहती है। हवाई हमलों में उनके लिविंग रूम की दीवारें टूट गईं और रसोईघर क्षतिग्रस्त हो गया।

उन्होंने कहा कि सब कुछ पलक झपकते ही खत्म हो गया। अधिकारियों ने आज तक हमें बुलाया तक नहीं। विनाश के बावजूद परिवार जो कुछ भी कर सकता है, उसे ठीक करेगा और अपने घर में रहना जारी रखेगा।

एक अन्य निवासी अहमद अल-वसाबी ने कहा कि हमले के वक्त वह और उनका परिवार उस समय घर पर नहीं थे। उनका घर आंशिक रूप से नष्ट हो गया। किराना दुकान मालिक खालिद अल-दबेई ने कहा कि विस्फोट से लोग डर गए और भागने लगे तथा बच्चे और महिलाएं रोने और चीखने लगीं। विस्फोटों के कारण उनकी अलमारियों से सामान गिर गया।

हूतियों ने 22 महीने से अधिक समय से इस्राइल की ओर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाया है। उनका कहना है कि वे गाजा में युद्ध के दौरान फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हमला कर रहे हैं। हूती नेता महदी अल-मशात ने बुधवार को हमले जारी रखने की कसम खाई। उन्होंने इस्राइलियों को चेतावनी दी कि वे सतर्क रहें, क्योंकि जवाब निश्चित रूप से आएगा।

# टैरिफ को लेकर भारत की चुप्पी को पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहा, कहा- यह ट्रंप से निपटने का सबसे अच्छा तरीका

**अमेरिका।** अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर भारत की चुप्पी की पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर भारत का ज्यादातर चुप रहना और गुप्त कूटनीति पर निर्भर रहना ठीक है। मुझे लगता है कि ट्रंप जैसे व्यक्ति से निपटने का यही सबसे अच्छा तरीका है। अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी।

पूर्व अमेरिकी एनएसए ने कहा कि अमेरिका में इस बात को लेकर काफी चिंता थी कि दो टैरिफ मुद्दों के साथ-साथ ट्रंप द्वारा कश्मीर में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में शांति लाने का श्रेय लेना अनुचित था। मुझे लगता है कि भारत का दीर्घकालिक हित रूस के साथ सैन्य और आर्थिक संबंधों को कम करने में है, क्योंकि रूस तेजी से चीन के साथ एक धुरी



बन रहा है। पुतिन और शी जिनपिंग ने असीमित साझेदारी की बात की है। जब प्रधानमंत्री मोदी बीजिंग जाते हैं और पुतिन, शी जिनपिंग और किम जोंग उन से हाथ मिलाते हैं, तो यह अमेरिका के लिए एक संकेत होता है। सभी ने वे तस्वीरें देखीं, लेकिन यह भारत के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति नहीं है।

भारत-अमेरिका संबंधों पर उन्होंने कहा कि रिश्ते अब भी वैसे ही हैं। भारत सरकार को ट्रंप को एक बार के प्रस्ताव के रूप में देखना चाहिए और उससे निपटना चाहिए। जो भी कदम उन्हें भारत के राष्ट्रीय हित में लगें, उन्हें उठाना चाहिए, लेकिन इसे ट्रंप की खासियत समझना चाहिए। किसी व्यापक अमेरिकी दृष्टिकोण को नहीं दशार्ना चाहिए। ट्रंप के पास कोई समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नहीं है। वह बहुत ही लेन-देन वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव का एक बड़ा कारण ट्रंप की बेहद अनिश्चित शैली है। हालांकि भारत की ओर से कई चिंताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी चिंता पिछले कई वर्षों से भारतीय कंपनियों द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद पर लगाया गया 25% टैरिफ है। यह दशार्ता है कि ट्रंप कितने अनिश्चित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए रूस पर प्रतिबंध या टैरिफ नहीं लगाया है, न ही उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए चीन पर प्रतिबंध या टैरिफ लगाया है।

# ब्रिटेन में दिनदहाड़े भारतवंशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता से बोले आरोपी- अपने देश वापस जाओ

**ब्रिटेन।** आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा। पुलिस इस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही है।

पुलिस ने लोगों से मांगी मदद पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले घटी। पीड़िता से टेम रोड इलाके में एक पार्क में दिन के उजाले में दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर गोरे लोग थे। पुलिस ने उनके हुलिये की जानकारी साझा की है, जिसमें बताया गया है कि एक आरोपी मजबूत कदकाठी का है और उसने गहरे रंग का स्वेट शर्ट और




दस्ताने पहने हुए थे। वहीं दूसरे आरोपी ने ग्रे रंग की जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई है और कोई भी संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज, वीडियो आदि मुहैया कराने की अपील की।

### घटना को लेकर भारतवंशी समुदाय में गुस्सा

इस घटना को लेकर ब्रिटेन के भारतवंशी और सिख समुदाय में गहरी नाराजगी और गुस्सा है। ब्रिटेन में हाल के समय में सिख समुदाय के खिलाफ नस्लीय हमलों की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। लेबर पार्टी की सांसद प्रीत कौर गिल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हिंसा और नस्लवाद का घोर निंदनीय कृत्य है। नस्लवाद की ओल्डबरी में कोई जगह नहीं है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और न्याय सुनिश्चित करने की अपील की।

**ब्रिटेन में भारतवंशी सिख महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 20 वर्षीय महिला से पार्क में दिनदहाड़े दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया**

# लोकल फॉर वोकल के साथ हुआ सेवा पखवाड़े का आयोजन



गाजियाबाद करंट क्राइम। समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को वोकल फॉर लोकल के नारे के साथ सेवा सुशासन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित इस कार्यक्रम में सेवा सुशासन पर सभी ने अपने विचार रखें।

# इंदिरापुरम पुलिस ने संभ्रांत व्यक्तियों के साथ किया संवाद कार्यक्रम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के आदेश के अनुपालन में सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और थाना इंदिरापुरम पुलिस ने रॉयल पैलेस इंदिरापुरम में 120 संभ्रांत व्यक्तियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में पार्षद, डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

सहायक पुलिस आयुक्त ने पुलिस बीट प्रणाली के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे यह प्रणाली क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में मदद करती है। बीट एसआई/बीपीओ के नंबर सभी संभ्रांत व्यक्तियों को बीट एसआई/बीपीओ के नंबर दिए गए, जिससे वे सीधे संपर्क कर सकें और अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। संभ्रांत व्यक्तियों ने पुलिस प्रणाली की प्रशंसा की और कहा कि वे इसका प्रचार-प्रसार करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और समुदाय के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना और क्षेत्र में सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए गए। इस मौके पर सभी आए पार्षदों ने क्षेत्र की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्षदों ने पुलिस प्रणाली की प्रशंसा की और कहा कि वे इसका प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पार्षदों में राधेश्याम त्यागी, संजय सिंह, नरेश भाटी, डॉक्टर अनिल तोमर, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, नरेंद्र भारद्वाज, मास्टर अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, हरमीत बक्शी, परविंदर यादव, धीरज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वाट टीम और विजयनगर पुलिस की मुठभेड़

# बदमाशों पर पुलिस ने लगाई हैट्रिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना विजयनगर पुलिस और नगर जोन स्वाट टीम ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद लूट, छिनैती और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कूटी, 19,500 रुपये नगद, एक सिक्का व अंगूठी (पीली धातु), एक सिक्का व चैन (सफेद धातु), तीन तमंचे, तीन जिंदा कारतूस और चार खोखा कारतूस बरामद किए। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हिंडन नहर पुस्ता की झाड़ियों में कुछ संदिग्ध व्यक्ति वारदात की फिराक में बैठे हैं। इस पर थाना विजयनगर पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण करने को कहने पर आरोपी भागने लगे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीनों बदमाश घायल हो गए और गिरफ्तार कर लिए गए। सभी को उपचार के लिए एमएमजी अस्पताल भेजा गया है।

एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राज उर्फ मुकेश गोविंदपुर थाना सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा उम्र 26 , दीपक उर्फ बुट्टन थाना पिलखुवा, हापुड़ उम्र 28 और हर्ष थाना दादरी गौतमबुद्धनगर 21 के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक गैंग बना रखा है और भोले-भाले लोगों को तमंचे के बल पर लूटपाट करते थे। तीन दिन पहले भी उन्होंने एबीएस कॉलेज के पास एक युवक से लूट की थी और इसके अलावा भी कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।



# संकटमोचक बनी ट्रैफिक पुलिस

## दौरा पड़ने से गिरे व्यक्ति की बचाई जान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को एनएच-9 स्थित एबीएस ट्रैफिक बूथ के पास अचानक एक व्यक्ति को दौरा पड़ा और वह सड़क किनारे गिर गया। गिरने के दौरान उसके सिर में चोट भी आई। मौके पर मौजूद यातायात पुलिसकर्मियों ने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसके एक परिचित की मदद से घायल को नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जिससे समय रहते उपचार मिल सका। स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस के इस त्वरित प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संवेदनशीलता और सजगता ही असली पुलिसिंग की पहचान है।

# वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीण भाटी के कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत आधार कार्ड शिविर का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय व्यापार मंडल और डाक विभाग के सहयोग से एक आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी और पंडित अशोक भारतीय ने किया। शिविर में 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बनाए गए और सभी आयु वर्ग के आधार कार्ड में संशोधन किया गया। श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम के द्वारा मुफ्त नेत्र जांच शिविर की व्यवस्था की गई। वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। बालकिशन गुप्ता जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिले भर में जहां-जहां भी आधार कार्ड शिविर की आवश्यकता है, वहां आधार कार्ड शिविर लगाकर सेवा करने को कृतसंकल्प है। डाक विभाग की टीम ने शिविर का संचालन किया। स्थानीय जनता ने शिविर के आयोजन की सराहना की।

पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने सभी अतिथियों का माला पटका और स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया। दूसरे दिन का शिविर 14 सितंबर को भी आधार कार्ड शिविर इसी स्थान पर लगेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रवीण भाटी अमित शर्मा मनोज गुप्ता जिला महामंत्री सौरभ चौधरी अनिल कुमार तसिम मोनू गुप्ता दिनेश अमित कुमार कपिल हरदीप मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मिग्सन कियान सोसायटी के लोगों ने बुनियादी सुविधाओं के लिए किया प्रदर्शन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा अटल चौक के पास सेक्टर 14 स्थित मिग्सन कियान सोसाइटी के लोगों का शनिवार को वैशाली स्थित मिग्सन के ऑफिस पर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि दो साल से सोसाइटी में रखरखाव का काम नहीं हुआ है। कई फ्लैटों की रजिस्ट्री भी नहीं कराई गई है। देर शाम तक लोग यहां धरने पर बैठे रहे।

वसुंधरा स्थित मिगसन कियान सोसाइटी में 364 फ्लैट है। 260 फ्लैटों में लोग रह रहे हैं। लोगों ने बताया कि करीब डेढ़ करोड़ तक के आशियाने अपनी मेहनत की कमाई से खरीदे थे, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। कई बार सोसाइटी में प्रदर्शन करने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ। इसीलिए शनिवार को लोग वैशाली स्थित मिग्सन के दफ्तर पर धरना देने पहुंचे। लोग सुबह करीब साढ़े 11 बजे दफ्तर पर पहुंच गये। पुरुषों व महिलाओं सैकड़ों लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए।

सोसाइटी निवासी राहुल ने बताया कि विकासकर्ता उनसे पूरा शुल्क ले रहे हैं, लेकिन रखरखाव नहीं करा रहे। एक साल में कई बार लिफ्ट में फंसने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। छह माह से कई फ्लैटों की छत भी टपक रही है। राहुल कुमार ने बताया की उन्होंने करीब दो साल पहले सोसाइटी में फ्लैट खरीदा था, लेकिन अभी तक रजिस्ट्री नहीं हो सकी। सोसाइटी में अब तक स्विमिंग पुल भी नहीं बना और न ही सोसाइटी का रखरखाव हो रहा है। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सोसाइटी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। आरोप लगाया कि कई बार छत से प्लास्टर भी गिर चुका है। छत के टपकने व सीलन की वजह से फॉलसीलिंग को नुकसान हो रहा है। इसके भी गिरने का खतरा बना हुआ है। इसके चलते रात को सोना भी दूभर हो गया है।

# पीड़ितों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण हो : एडिशनल सीपी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निदेश पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय केशव कुमार चौधरी ने शनिवार को अपने कार्यालय पर शिकायत लेकर आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। एडिशनल सीपी चौधरी ने स्पष्ट किया कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल शिकायत दर्ज करने तक सीमित नहीं है, बल्कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार पुलिस कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और अपराध से संबंधित मामलों में पुलिस तुरंत और ठोस कार्यवाही करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जवाबदेही तय करें और सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ता को त्वरित व न्यायसंगत समाधान मिले।

# वार्ड 20 डीएलएफ टोल पर पार्षद यशपाल पहलवान की शिकायत पर नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कार्ड 20 डीएलएफ टोल मुख्यमंत्री द्वारा के पास नगर निगम की टीम ने शनिवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान डीएलएफ कॉलोनी, राजीव कॉलोनी और भोपुरा आदि इलाकों से अवैध कब्जे को हटाया गए।

नगर निगम की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची और सड़क किनारे बने अवैध खोखे, ईंटों के ढेर और रेहड़ी पटरी वालों को हटाया। यह कार्रवाई निवासियों की शिकायतों के बाद की गई थी। जोनल प्रभारी ने बताया कि लोगों की लगातार शिकायत मिल रही थी कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से सुबह-शाम जाम लग जाता है। साथ ही, कई बार हटाने के बाद भी लोग फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि राजीव कॉलोनी डीएलएफ कॉलोनी और भोपुरा में यह अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 20 से अधिक अस्थायी दुकानों को हटाया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा और फिर से कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर पार्षद यशपाल पहलवान ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा डीएलएफ टोल पर दुकानदारों ने इस तरह अतिक्रमण कर रखा था कि आए दिन जाम लगता था लोगों के शिकायत पर शनिवार नगर निगम द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाएगा जिसमें सड़क किया गया अतिक्रमण को हटाया गया।



# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने सुनी वार्ड के लोगों की समस्याएं और किया समाधान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 झंडापुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने अपने वार्ड के लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद उनका समाधान करने का प्रयास किया है।

पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने अपने वार्ड के लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाए और लोगों को राहत प्रदान की। लोगों ने पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय की सराहना की और उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान होने से राहत मिली है। इस मौके पर अभिषेक शर्मा संदीप त्यागी, अर्जुन शर्मा, सोनू शर्मा, राहुल शर्मा, पिंटू दयाल मोनू ने पार्षद से कहा कि वार्ड में कूड़े की समस्या बनी हुई है जो अधूरे काम हैं उनका पूरा किया जाए जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने अपने वार्ड के लोगों से कहा कि आपने उन्हें चुना है और वे आप लोगों के बीच रहकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि वे अपने वार्ड के लोगों की समस्याओं का समाधान करें और उनकी जरूरतों को पूरा करें।

# पार्षद शशि खेमका के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान सफलतापूर्वक जारी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 94 के पार्षद शशि खेमका के नेतृत्व में क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाओ अभियान का चौथा दिन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभियान में नौजवान, सीनियर, सुपर सीनियर सिटीजंस, महिलाओं, आरडब्ल्यूए और एसटीएफ के सहयोग से मदर डेरी रोड और महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल रोड को 100% रेहड़ी पटरी मुक्त करवा दिया गया है।

क्षेत्र की जनता ने पार्षद शशि खेमका के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाओ अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। मदर डेरी रोड और महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल रोड को पूरी तरह से रेहड़ी पटरी मुक्त करवा दिया गया है, जिससे यातायात और पैदल चलने वालों को सुविधा होगी। पार्षद शशि खेमका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व किया और क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने आरडब्ल्यूए और एसटीएफ के साथ मिलकर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्षद शशि खेमका ने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा और वार्ड 94 को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे अतिक्रमण हटाओ अभियान में सहयोग करना जारी रखें और क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद करें।

# इंदिरापुरम: पशुओं के सड़कों पर घूमने से लोगों का आना-जाना मुहाल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में आवारा पशुओं की वजह से गंदगी और मुश्किलें दोनों बढ़ रही हैं। रोड पर आवारा पशु अभी भी लोगों की जान पर आफत बन रहे हैं। आवारा पशुओं की वजह से कई छोटे-बड़े हादसे हुए हैं। लेकिन नगर निगम इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

इंदिरापुरम इलाके में तो आवारा पशुओं की वजह से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। साथ ही स्थानीय निवासी जितेन्द्र प्रधान ने बताया कि आवारा पशुओं के खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं होने की वजह से, रोड पर इन्हें भूख-प्यास से तड़पते हुए भी देखा जाता है। नगर निगम को इनको रोड से हटाकर पशु शेल्टर होम में पहुंचाना चाहिए।